Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 16 | गुरुवार, 16 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी के स्कूल का होगा कायाकल्प

# वडनगर में पुरातत्व संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे अमित शाह

**अहमदाबाद।**

धानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पैतृक गांव वडनगर में 300 करोड़ रुपये की लागत से पुरात्व संग्रहालय का निर्माण किया गया है। इसमें 2500 वर्ष पुरानी संस्कृति के करीब पांच हजार अवशेष प्रदर्शित किए गए हैं। पीएम मोदी ने वडनगर के जिस प्राथमिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण की थी, उस स्कूल को प्रेरणा संकुल के रूप में विकसित किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को संग्रहालय, प्रेरणा संकुल व एक स्पोर्ट काम्पलेक्स का लोकार्पण करेंगे। मेहसाणा जिले का वडनगर एक प्राचीन शहर है। इसे देश में बनाए जा रहे बौद्ध सर्किट से भी जोड़ा गया है।

पुरातत्व विभाग की खोदाई में



वडनगर में 2500 वर्ष प्राचीन संस्कृति के अवशेष मिले हैं। यहां की प्राचीन संस्कृति के अवशेषों व प्राचीन नगर के जीवंत अवशेष को जोड़तते हुए 298 करोड़ रुपये की लागत से एक पुरातत्व संग्रहालय का निर्माण किया गया है। यहां ऑडियो- वीडियो फिल्म के जरिये पर्यटकों को वडनगर की प्राचीन संस्कृति से अवगत कराया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने पर जोर

उन्होंने पिछले साल 22 जून को नई दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल–3 से 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन–ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' लांच किया था। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य यात्रियों को विश्व स्तरीय इमिग्रेशन सुविधाएं प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाना है। शुरूआत में यह सुविधा भारतीय नागरिकों और ओसीआइ कार्डधारकों के लिए नि:शुल्क शुरू की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कक्षा एक से 7वीं तक की शिक्षा दरबार स्कूल में ली थी। अब केंद्र व राज्य सरकार ने मिलकर इसको प्रेरणा संकुल के रूप में विकसित किया है। वहीं, अमित शाह ने बुधवार को अपने लोकसभा क्षेत्र के माणसा गांव में 241 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इसके अलावा गांधीनगर जिले के महाकाली धाम मिनी पावागढ़ के अंबोड गांव में साबरमती नदी पर 234 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बैरेज का शिलान्यास किया। इससे आसपास के आठ गांवों की 3500 हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का पानी मिल सकेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को अहमदाबाद से मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोच्चि और अहमदाबाद हवाई अड्डे पर 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशनः ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआइ-टीटीपी) का उद्घाटन करेंगे।

## पीएम नेतन्याहू बोले- बाइडन-ट्रंप का धन्यवाद

**जेरूसलम।**

15 महीने से हमास के साथ चल रहे संघर्ष पर आखिरकार इस्त्राइल ने युद्ध विराम समझौते व बंधको की रिहाई की मांग पर सहमती जता दी है। ये समझौता इस्त्राइल के मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। बीते 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के साथ शुरू हुए इस्त्राइल और फलस्तीन के बीच जंग ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया।

15 महीनें से चले इस जंग में सैकड़ों लोगों की जान चली गई। हालांकि कई देशों के प्रयास बाद अखिरकार इस्त्राइल ने युद्ध विराम समझौते और कैदियों की रिहाई पर सहमति जताई है। इसको लेकर इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के साथ युद्ध विराम समझौता अभी पूरी तरह से तय नहीं हुआ है और इस पर आखिरी विवरण पर काम



किया जा रहा है। यह बयान कतर और अमेरिका द्वारा समझौते की घोषणा के कुछ घंटों बाद आया। इस समझौते का उद्देश्य 15 महीने से चल रहे संघर्ष को खत्म करना है और बंधकों को उनके परिवारों से मिलाने का रास्ता खोलना है। साथ ही इस्त्राइली पीएम नेतन्याहू ने इस्त्राइल बंधकों की रिहाई और वापसी के लिए प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद किया। पहला चरणः युद्धविराम और बातचीत शुरू होना, जिसमें 33 बंधकों की रिहाई होनी चाहिए।

## संगम एक्सप्रेस की बोगियां पर किसान यूनियन ने कब्जा जमाया



**अलीगढ़।**

इसको लेकर ट्रेनों में यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। इस क्रम में बुधवार देर रात प्रयागराज जा रही संगम एक्सप्रेस ट्रेन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट से जुड़े कार्यकताओं ने ट्रेन में सवार होने के लिए जमकर हंगामा काटा। प्रयागराज में महाकुंभ मेले को लेकर ट्रेनों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है।

इसको लेकर ट्रेनों में यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। इस क्रम में बुधवार देर रात प्रयागराज जा रही संगम एक्सप्रेस ट्रेन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट से जुड़े कार्यकताओं ने ट्रेन में सवार होने के लिए जमकर हंगामा काटा। इतना ही नहीं उन्होंने ट्रेन के दरवाजे तक बंद कर दिए। इससे ट्रेन में बैठने वाले यात्री उसमें सवार नहीं हो सके। इस बीच ट्रेन गंतव्य को रवाना हो गई। रेलवे के अधिकारी यात्रा करने से वंचित रहे यात्रियों को समझाने -बुझाने में देर रात तक जुटे रहे। प्रयागराज जा रही संगम एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन में पहले से बैठे यात्रियों ने दरवाजे बंद कर लिए।

## काशी-तमिल संगमम-3 का 15 फरवरी से होगा आगाज




**नई दिल्ली।**

वर्ष 2022 और 2023 की तरह इस बार भी केंद्र सरकार उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक-भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने की मंशा से काशी-तमिल संगमम का आयोजन करने जा रही है। काशी से गहरा संबंध रखने वाले तमिल भाषा के जनक कहे जाने वाले महर्षि अगस्त्य को समर्पित काशी-तमिल संगमम का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसके पंजीयन के लिए आईआईटी मद्रास का पोर्टल बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लॉन्च किया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि काशी-तमिल संगमम का शुभारंभ 15 फरवरी, 2025 को वाराणसी में होगा। इसके लिए एक फरवरी तक पंजीकरण आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मौलिक विचारो की उपज है,

### श्रीराम लला की 'प्राण प्रतिष्ठा'

उन्होंने कहा कि इस वर्ष काशी–तमिल संगमम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह महाकुंभ के साथ होने जा रहा है और यह अयोध्या में श्रीराम लला की 'प्राण प्रतिष्ठा' के बाद पहला संगमम भी है। तमिल प्रतिनिधि प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या में भी एक रात रुककर वहां के सांस्कृतिक–आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करेंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि संगमम के प्रतिभागियों की पांच श्रेणियां बनाई गई हैं। इनमें पहली छात्र, शिक्षक, लेखक है।

जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच शाश्वत-सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करना और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाना है। प्रधान ने बताया कि इस बार काशी-तमिल संगमम भारत के सबसे पूजनीय संतों में से एक महर्षि अगस्त्य का उत्सव होगा।

## त्रिवेणी तट पर आज से कला-संस्कृति का महाकुंभ

**प्रयागराज।**

चार जगहों पर सजे 24 मंचों पर 5,250 कलाकार अपनी-अपनी कला की प्रस्तुतियां देंगे।

बृहस्पतिवार से गंगा पंडाल में काशी के ऋत्विक सान्याल के शास्त्रीय गायन से महोत्सव प्रारंभ होगा। यमुना, सरस्वती पंडाल में 16 जनवरी को और त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से अनवरत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रोताओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। त्रिवेणी के संगम पर कला-संस्कृति का महाकुंभ सजेगा। चार जगहों पर सजे 24 मंचों पर 5,250 कलाकार अपनी-अपनी कला की प्रस्तुतियां देंगे। बृहस्पतिवार से गंगा पंडाल में काशी के ऋत्विक



सान्याल के शास्त्रीय गायन से महोत्सव प्रारंभ होगा। यमुना, सरस्वती पंडाल में 16 जनवरी को और त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से अनवरत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रोताओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। गंगा पंडाल में बृहस्पतिवार को पार्श्वगायक शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगाएंगे तो यमुना पंडाल में वाराणसी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण से ईश्वर के चरणों में श्रद्धा निवेदित करेंगे।

## अमेरिका ने भाभा समेत 3 परमाणु संस्थानों से हटाए प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** अमेरिका के उद्योग और सुरक्षा ब्यूरो (बीआईएस) के अनुसार, बार्क के अलावा इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र (आईजीसीएआर) और इंडियन रेयर अर्थ्स (आईआरई) पर से प्रतिबंध हटाया गया है। तीनों संस्थान भारत के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत काम करते हैं और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों पर निगरानी रखते हैं।

अमेरिका ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) समेत भारत के तीन शीर्ष परमाणु संस्थानों से बुधवार को प्रतिबंध हटा लिया। इससे अमेरिका के लिए भारत को असैन्य परमाणु प्रौद्योगिकी साझा करने का रास्ता साफ हो जाएगा। बाइडन प्रशासन ने कार्यकाल के आखिरी हफ्ते और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन की भारत यात्रा के एक हफ्ते बाद यह घोषणा की। 1998 में पोकरण में परमाणु परीक्षण करने और परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर न करने पर अमेरिका ने यह प्रतिबंध लगाया था।

## अगले साल चौथी सबसे बड़ी जीडीपी बन जाएगा भारत

**नई दिल्ली।**

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा, पिछले तीन वर्षों से मजबूती से आगे बढ़ने वाला भारत अगले साल यानी 2026 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.8 फीसदी और 2025-26 में 7.7 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ सकती है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष हेमंत




जैन ने कहा, पिछले तीन वर्षों से मजबूती से आगे बढ़ने वाला भारत अगले साल यानी 2026 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उद्योग मंडल ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखाई ?दे रही है। ?दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं धीमी वृद्धि से जूझ रही हैं, जबकि भारत ने ठोस आर्थिक बुनियाद और सरकारी सुधारों के दम पर उल्लेखनीय प्रगति का प्रदर्शन किया है। पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव एसपी शर्मा ने कहा, खुदरा महंगाई कम हो रही है। चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई घटकर 4.5 फीसदी और आने वाली तिमाहियों में चार से 2.5 फीसदी के बीच रह सकती है। खुदरा महंगाई घटने के कारण आरबीआई फरवरी की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 फीसदी कटौती कर सकता है।

# कोहरे-शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत, दिल्ली-यूपी में हो रही बारिश

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में ठंड और कोहरे का असर साफ दिख रहा है। इसका असर ट्रेन और उड़ानों पर भी देखने को मिल रहा है। उधर, पहाड़ी इलाकों में फिर से मौसम में बदलाव के आसार है, मैदानी इलाकों वाले कई राज्यों में बुधवार को बारिश होने से मौसम का मिजाज फिर बदल गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोहरे के चलते बुधवार को

### छह जिलों में शीतलहर जारी रहेगी

मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के विज्ञानी एसके पटेल ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश के मौसम में विशेष बदलाव की स्थिति नहीं है। बुधवार को 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ डेहरी राज्य में सबसे ठंडा रहा। पटना का अधिकतम तापमान 0.8 डिग्री गिरावट के साथ 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आइजीआइ एयरपोर्ट से संचालित होने वाली करीब 500 उड़ानें विलंबित रहीं। इनमें से करीब आधी उड़ानें एक घंटे या इससे अधिक की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हुईं। कोहरे का आलम यह था कि दो दर्जन उड़ानों को रद करना पड़ा। इनमें 22 उड़ानें इंडिगो की और शेष दो उड़ानें स्पाइसजेट की थीं। यात्रियों को परेशानी से बचाने के लिए डॉयल व एयरइलाइंस की ओर से यात्रियों के लिए पूरे दिन एडवाइजरी जारी होती रही। एडवाइजरी में यात्रियों से आग्रह किया जाता रहा कि वे उड़ान के प्रस्थान से जुड़ी जानकारी के लिए एयरलाइंस के संपर्क में रहें, ताकि उन्हें अपडेट मिलता रहे। विलंबन के बीच कई उड़ानों को रद करने की भी नौबत आ गई। स्पाइसजेट ने कोलकाता, चेन्नई व पुणे की उड़ानों को रद किया। इधर, इंडिगो को पटना, वाराणसी, दरभंगा, गुवाहाटी, कोलकाता, रायपुर, जयपुर, सूरत, गोवा, बंगलुरु, नागरपुर, औरंगाबाद, मुंबई, देहरादून, अमृतसर, लखनऊ व भोपाल की उड़ानें रद करनी पड़ी।



## संपादक की कलम से

### बाड़बंदी पर विवाद



ललित शर्मा
संपादक

गत वर्ष अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के दौरान भारत विरोधी रवैये में कमी नहीं आ रही है। लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के बाद अब नया विवाद दोनों देशों की सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर पैदा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बन चुकी थी। बड़े हिस्से पर पहले ही बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुकमरान विवाद के नये–नये मुद्दे तलाश रहे हैं। बीते रविवार बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। कयास लगाये जा रहे हैं कि बांग्लादेश ये हरकतें किसी तीसरे देश के इशारे पर कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत–बांग्लादेश के बीच 4156 किलोमीटर लंबी सीमा में से 3271 किलोमीटर पर कंटीले तार की बाड़ लग चुकी है और अब 885 किलोमीटर सीमा पर बाड़ लगना शेष है। अवैध घुसपैठियों, अपराधियों और चरमपंथियों की रोकथाम हेतु सीमा पर बाड़ लगाना भारत का अधिकार है। मामले का निस्तारण बांग्लादेश को समझदारी से करना चाहिए। दरअसल, बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। ऐसे वक्त में जब पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। अब तक पंजाब, जम्मू–कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिश पाक करता रहा है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग न करे। निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास उपजा है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। यहां उल्लेखनीय है कि बाड़बंदी के भारत के फैसले को व्यापकता में देखने की जरूरत है। यह बात भी ध्यान रखने काबिल है कि दोनों देशों में सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर विगत में एक राय बनी हुई है। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद इस मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। बल्कि अंतरिम सरकार के प्रमुख भारतीय मीडिया पर घटनाओं को बढ़ा–चढ़ाकर बताने का आरोप लगाते हैं। ऐसे वक्त में जब बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# कलह की छेद से परेशान 'इंडिया', 18 महीनों में ही बेडगर गठबंधन की नाव



भारत में गठबंधन की सरकार की बात करना कोई नई नहीं है। लेकिन भाजपा के खिलाफ खासकर मोदी सरकार के खिलाफ जिस तरह से गठबंधन की नाव बन रही है। नाव के नदी में जाने से छेद होती दिख रही है। बहरहाल पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच फूट और अब उद्धव ठाकरे द्वारा अकेले बीएमसी चुनाव लड़ने की घोषणा ने इंडिया गठबंधन में बड़ी दरार पैदा कर दी है। गठबंधन से जुड़े चार प्रमुख नेताओं के क्रियाकलापों ने या तो इसके टूटने के या इसे पूरी तरह खत्म हो जाने के संकेत दिए हैं।

वैसे राजनीति के बारे में तय कुछ भी करना कठिन हो सकता है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ. लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया था। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। हालांकि, कुछ पार्टियों को अभी भी गठबंधन के भविष्य को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। जुलाई 2023 में बेंगलुरु में उक्त गठबंधन की नींव रखी गई थी, जिसमें 26 पार्टियां गठबंधन में शामिल हुई थीं। लोकसभा चुनाव के दौरान, गठबंधन ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए को चुनौती दी गई थी। नतीजतन, भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं रही।

चुनाव में एनडीए ने 296 सीटें जीतीं, जबकि इंडिया गठबंधन ने 230 सीटें हासिल कीं। गठबंधन ने इसे अपनी जीत माना। हालांकि, लोकसभा चुनाव के ठीक आठ महीने बाद, गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया है, बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। इस विभाजन के लिए राजनीति के जानकार चार प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद गठबंधन में दरार दिखने लगी थी। कांग्रेस ने अपने अड़ियल रवैये के कारण हरियाणा में एक जीतने लायक चुनाव गंवा दिया, जो गठबंधन के प्रति उसके रवैये तक फैल गया। इससे सहयोगी दल सतर्क हो गए और गठबंधन के भीतर नए नेतृत्व की मांग उठने लगी। हरियाणा चुनाव नतीजों के एक दिन बाद अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। प्रस्तावित 10 सीटों में से दो सीटें कांग्रेस को देने पर सहमति बनी। हालांकि, अखिलेश ने कांग्रेस को सीटें देने से इनकार कर दिया। जबकि, गठबंधन के एक नेता ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस अति आत्मविश्वास में आ गई है। लचीला रुख अपनाने के बजाय वह और सख्त होती गई। यह व्यवहार महाराष्ट्र में भी देखने को मिला। पहले कांग्रेस संसद में मुद्दे उठाने से पहले सहयोगी दलों से सलाह लेती थी। लेकिन शीतकालीन सत्र के दौरान यह प्रथा खत्म हो गई और कांग्रेस के नेता स्वतंत्र रूप से काम करने लगे। सपा, तृणमूल और एनसीपी ने उद्योगपति गौतम अडानी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का खुलकर विरोध किया और पार्टी के रुख का समर्थन करने से इनकार कर दिया। देका जाए तो कांग्रेस कथित तौर पर अडानी मुद्दे पर अपने सहयोगियों के समर्थन की कमी से परेशान है, जिसे वह एक बड़ी चिंता मानती है।

कांग्रेस को लगता है कि एकता की कमी से उसकी छवि खराब हो रही है और बदले में उसने ऐसे सहयोगियों को प्राथमिकता देना बंद कर दिया है जो ऐसे मुद्दों पर मुखर नहीं हैं।

कांग्रेस की अपने आधार को बढ़ाने की महत्वाकांक्षा ने भी तनाव को बढ़ावा दिया है। पार्टी ने हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ा और महाराष्ट्र में अधिक सीटों के लिए दबाव बनाया, लेकिन दोनों राज्यों में विफल रही। बिहार में आरजेडी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को डर है कि 2025 और 2026 में उनके अपने राज्यों में भी इसी तरह की दबाव वाली रणनीति अपनाई जाएगी। छोटी पार्टियों का तर्क है कि उन्हें उन राज्यों में गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए जहां उनके पास महत्वपूर्ण जन समर्थन है, वे एनडीए का उदाहरण देते हैं, जहां आंध्र प्रदेश में टीडीपी और बिहार में नीतीश कुमार की जेडी(यू) आगे है। खैर जो भी हो जुलाई 2023 में अपने गठन के बाद से, इंडिया गठबंधन ने न तो कोई नेता नियुक्त किया है और न ही कोई संयोजक। ममता बनर्जी ने गठबंधन का नेता बनने में रुचि दिखाई, लेकिन कांग्रेस ने कोई भाव ही नहीं दी। **– जगदीश यादव**

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां



ललित गर्ग

**वेलकम इंडिया**

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये।

2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय



उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है।



## उदय किशोर साह

## आजाद परवाज

### कविता

मैं आजाद स्वछन्द परवाज
नहीं चाहिये बंधन का रिवाज
उड़ मड़राता नीले गगन में
अपने जीवन में खुश मगन हैं

ना किसी की चाकरी है पसन्द
ना ही चापलुसी से है सबंध
कोई कुछ कहता कहने दो ना
अपनी धुन में चलने दो ना

जहाँ ना मिलता हमें सम्मान
दूर से करता हूँ मैं उन्हें सलाम
इज्जत देना हमारी है संस्कार
घर से मिला है यह संसार

जैसा दिखेगा अन्य का व्यवहार
वैसा पेश आऊंगा मैं हर बार
नहीं चाहिये छल का त्यौहार
प्रेम करूणा दिखलाता सौ बार

नहीं लेता हूँ मूरख से कोई पंगा
ना फितरत है अपन में दंगा
जीयो खुद भी और जीने दो यार
चार दिन की है यह जग संसार

# भारत खूबसूरत मानवीय बोलियों, भाषाओं का एक विश्वप्रसिद्ध अभूतपूर्व संगम



गोंदिया

भारत माता की गोद में एक से बढ़कर एक अनेक ऐसी खूबसूरत उपलब्धियां, हजारों वर्ष पूर्व से उपलब्ध है जिनकी अणखुट संरचना, प्राकृतिक खूबसूरती, विशाल भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं के साहित्यग्रंथों सहित अनेक अपार क्षमता वाली बौद्धिक संपदा का विशाल भंडार देख संपूर्ण विश्व हैरान था, जिस पर नजर लग गई थी, जिससे हजारों वर्षो की गुलामी से आजादी के बाद 1947 में भारत का विभाजन हुआ, फि र भी हम अपनी मेहनत, लगन से फिर अपनी ताकत, जजबे और जांबाजी के साथ वैश्विक पटल पर प्रमुख हस्ती के रूप में अपने हर क्षेत्र की समृद्धि व ताकत के आगाज के साथ वैश्विक पटल पर अहम स्थान रखते हैं, जिसे देखकर विश्व की नजरें फिर भारत की ओर आकस्मिकता से देश भारत का लोहा मान रही है। आज भारत उस स्थिति में है जहां भारत की ओर नजर लगाने वाले को हजार बार सोचना पड़ेगा, यह है हमारा आज का भारत।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से पीएम की बातचीत की करें तो उन्होने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव पर चर्चा की और अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सुना सकते हैं, ताकि छात्र दूसरी भाषाएं सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें उन्होने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें कुछ विशेष सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होने सुझाव दिया कि पुरस्कार विजेता शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े रहना चाहिए और पढ़ाई के अपने सर्वोत्तम तरीकों को आपस में साझा करना चाहिए ताकि हर कोई ऐसे बेहतरीन तरीकों से सीख सके उन्हें अपना सके और उनसे लाभ उठा सके। उन्होने कहा किशिक्षक राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहे हैं और आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में है।

साथियों बात अगर हम अपनी संस्कृति, विशाल मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के साहित्य ग्रंथों की करें तो यह हमारी पहचान है। यूं तो भारत में बावीस भाषाओं को संविधान में मान्यता दी गई है परंतु पूरे भारत की बात करें तो यहां भाषाएं व उपभाषाएं हजारों की संख्या में होंगी, जिसकी रक्षा करना और विलुप्तता से बचाने की जवाबदारी हमारे आज के युवाओं के ऊपर है क्योंकि आज हमारे देश की 68 प्रतिशत आबादी युवा है और इस युवा भारत के युवाओं को ही हमारी संस्कृति, भाषाओं को जीवित रखना है। इसलिए हमें अपनी मातृभाषा को महत्व देना होगा और अपने समाज, घर, क्षेत्र में अपनी मातृभाषा में बात करना होगा ताकि उसे हम विलुप्तता से बचा सके। आज इसकी जरूरत इसलिए पड़ गई है, क्योंकि आज के बदलते परिवेश में हमारे देश में पाश्चात्य संस्कृति का प्रचलन कुछ तेजी से बढ़ रहा है।

खासकर के युवाओं में इसका क्रेज अधिक महसूस किया जा रहा है जो बड़े शहरों से होकर अब हमारे छोटे शहरों गांवों में भी फैलने की संभावना बढ़ गई है। जिसका संज्ञान बुजुर्गों को लेना होगा और युवाओं को अपनी मातृभाषा में बोलने, संस्कृति, साहित्य ग्रंथों, भाषाओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराकर उन्हें इसके लिए प्रोत्साहन देना होगा ताकि भारतीय धरोहर को विलुप्तता से बचाया जा सके। हमने इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से कई बार देखा, पड़ा, वह सुना है कि हमारे माननीय उपराष्ट्रपति का संज्ञान इस भाषाई क्षेत्र की ओर बहुत अधिक है, और हर मौके पर इस दिशा में सुझाव, मार्गदर्शन अपील प्रोत्साहन देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते जो काबिले तारीफ है।

साथियों शिक्षा के शुरूआती वर्षों में एक महत्वपूर्ण शिक्षण लक्ष्य बुनियादी साक्षरता कौशल का विकास हैः पढ़ना, लिखना और अंकगणित। अनिवार्य रूप से, पढ़ने और लिखने के कौशल लिखित रूप में इस्तेमाल किए गए अक्षरों या प्रतीकों के साथ एक भाषा की ध्वनियों को जोड़ने की क्षमता पर निर्भर करते हैं। ये कौशल बोलने और सुनने के मूलभूत और अंतःक्रियात्मक कौशल पर आधारित होते हैं। जब शिक्षार्थी उन्हें निर्देशित करने के लिए इस्तेमाल की गई भाषा बोलते या समझते हैं, तो वे पढ़ने और लिखने के कौशल को तेजी से और अधिक सार्थक तरीके से विकसित करते हैं। शिक्षार्थियों को उनकी बोली और समझी जाने वाली भाषा में पढ़ना और लिखना शुरू करने से उन्हें बहुत खुशी होती है जब उन्हें पता चलता है कि वे लिखित पाठों को समझ सकते हैं और अपने परिवेश में लोगों और चीजों के नाम लिख सकते हैं। प्रारंभिक ग्रेड रीडिंग में शोध से पता चला है कि जो छात्र पढ़ने के कौशल को जल्दी विकसित करते हैं, वे शिक्षा में आगे रहते हैं। यह भी दिखाया गया है कि शिक्षार्थियों की मातृभाषा में सिखाए गए कौशल और अवधारणाओं को दूसरी भाषा में स्थानांतरित करने पर दोबारा सिखाने की आवश्यकता नहीं होती है। एक शिक्षार्थी जो एक भाषा में पढ़ना और लिखना जानता है, वह नई भाषा में पढ़ने और लिखने के कौशल को तेजी से विकसित करेगा।

शिक्षार्थी पहले से ही जानता है कि अक्षर ध्वनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसे केवल एक नई सीख की आवश्यकता है कि नई भाषा अपने अक्षरों को कैसे ध्वनि देती है। उसी तरह, शिक्षार्थी एक भाषा में अर्जित ज्ञान को स्वचालित रूप से दूसरी भाषा में स्थानांतरित कर देते हैं जैसे ही वे नई भाषा में पर्याप्त शब्दावली सीख लेते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप शिक्षार्थियों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाते हैं, तो बीजों को अंकुरित होने के लिए मिट्टी, नमी और गर्मी की आवश्यकता होती है। आपको इसे अंग्रेजी में फिर से पढ़ाने की आवश्यकता नहीं है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# संविधान गौरव अभियान चलाकर कांग्रेस की पोल खोलेगी भाजपा : सुरेन्द्र आर्य



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से संविधान गौरव अभियान चलाया जाएगा। देशभर में चलने वाले इस अभियान के तहत पार्टी की ओर से बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करके बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

भाजपा प्रदेश सचिव एवं अभियान के प्रदेश सह संयोजक सुरेन्द्र आर्य ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जनता को जागरूक करते हुए यह बताया जाएगा कि भाजपा ने सही मायने में बाबा साहेब व संविधान का सम्मान किया है। जो कांग्रेस आज भाजपा पर संविधान समाप्त करने का आरोप लगा रही है, उसकी असलियत भी जनता को बताई जाएगी कि किस प्रकार कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए संविधान में संशोधन करके इसका अपमान किया। यही नहीं, कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर को भारत रत्न तक नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। उनको भारत रत्न भी भाजपा समर्थिक वीपी सिंह की सरकार में दिया गया।

सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि 17 जनवरी को हिसार के पार्टी कार्यालय में संविधान जागरूकता कार्यक्रम होगा, जिसमें सांसद एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर मुख्य वक्ता होंगे। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी जो अभियान के प्रदेश संयोजक है, वे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संचालन के लिए कमेटी बना दी गई है, जिसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू होंगे। उनके साथ विक्रम कासनिया, कुलदीप गौतम व सियाराम रावतखेड़ा को सह संयोजक लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को जिला कार्यालय में मुख्य कार्यक्रम होने के बाद मंडल व बूथ स्तर पर चलेगा। उन्होंने बताया कि देशभर में 3 जनवरी से यह अभियान शुरू हो चुका है जो 25 जनवरी तक चलेगा।

पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम के जिला संयोजक रणधीर सिंह धीरू, जिला महामंत्री आशीष जोशी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सह मीडिया प्रभारी विक्रम कासनिया व राजकुमार शर्मा तथा अनिल गोदारा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गेहूँ विक्रय के लिए पंजीकरण जरूरी : कमलेश कुमार

**संतकबीरनगर।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी कमलेश कुमार ने जनपद के कृषक भाइयों को सूचनार्थ अवगत कराया है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जनपद में दिनांक 01 मार्च 2025 से प्रस्तावित होने वाले गेहूं क्रय हेतु कृषकों से गेहूँ क्रय हेतु वर्ष 2025-26 में गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रू0 प्रति कुन्तल है, जो कि पिछले साल से 150 रू0 अधिक है। कृषक बन्धु को अपने गेहूँ विक्रय के लिए पंजीकरण जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिन किसान भाइयों ने धान खरीद वर्ष 2024-25 में धान विक्रय के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है, उन्हें केवल नवीनीकरण कराना होगा। इस वर्ष गेहूँ विक्री के लिए ओ0टी0पी0 आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है। गेहूँ विक्रय के उपरान्त कृषक के आधार लिंक्ड बैंक खाते में 48 घंटे के अन्दर भुगतान की व्यवस्था दी गयी है। उन्होंने बताया कि कृषक बन्धु अपना पंजीकरण धान क्रय केन्द्रों के साथ-साथ खाद्य विभाग के पोर्टल पर करा सकते है। यह पंजीकरण कृषक द्वारा स्वयं अथवा जनसुविधा केंद्र अथवा साइबर कैफे.के माध्यम से कराया जा सकेगा।

# सड़क बनी पर मुआवजे के लिए तरस गए ग्रामीण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** बिलौना-पगना सत्तेश्वर कठानी मोटर मार्ग में सड़क निर्माण कार्य मे कार्यदाई संस्था द्वारा मनमाने तरीके से सड़क निर्माण के बाद सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब तक ग्रामीणों को हुए नुकसान का मुआवजा नहीं दिया गया है। सड़क निर्माण में सत्तेश्वर में कार्यदाई संस्था पीएमजीएसवाई द्वारा सत्तेश्वर स्थित दुकानों को तोड़कर सड़क निर्माण कर दिया गया ।जबकि सड़क बनाने में सड़क निर्माण के मलुवे को डंपिंग जोन बनाकर काश्तकारों को कम से कम नुकसान हो ऐसी व्यवस्था की जाती है।

वही सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से सड़क कटान के मलुवे को नाप खेतों में फैककर काश्तकारों के ढाई सौ नाली से अधिक नाप खेतों को मलुवे से पाट दिया था ।वही तालबिट्टी स्थित खातासेरा में सोना उगलने वाली भूमि को बड़े बोल्डरों का बंजर पहाड़ बना दिया गया ।वही ग्रामीणों द्वारा सत्तेश्वर स्थित दो मकान, दुकान और घटखाव स्थित गोपाल सिंह मेहता के घराट को सड़क निर्माण के बोल्डर गिरने से घराट शो पीस बनकर रह गया है ।ग्रामीण खीम सिंह मेहता, गोपाल सिंह, प्रताप सिंह, और गोविन्द मेहता की सत्तेश्वर स्थित दो पक्के मकान और दुकान को बिना सर्वसम्मति लिए बगैर तोड़ कर नश्तेनाबूत कर दिया था ।वही मनमाने तरीके से सड़क निर्माण होने से काश्तकारों को अभी तक हुए नुकसान का मुआवजा नहीं दिया गया है ।जिससे लोगों में रोष है ।ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था पीएमजीएसवाई से शीघ्र सड़क निर्माण से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। वही स्थानीय विधायक पार्वती दास ने बताया कि काश्तकारों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया गया है ।जल्द सभी काश्तकारों को मुआवजा प्रदान कर दिया जाएगा।

# आँचल डेयरी के चिलिंग सेंटर प्रभारी द्वारा परिसर में किसी व्यक्ति को जेसीबी मशीन ले जाने के लिए दीवार तुड़वाना पड़ सकता है महंगा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** आँचल दुग्ध संघ अल्मोड़ा के कमेडी स्थित चिलिंग सेंटर में केंद्र प्रभारी द्वारा कार्यालय के पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति पर हमदर्दी दिखाना महंगा बैठ सकता है। सरकारी सम्पत्ति पर बिना उच्च अधिकारियों को सूचित किए बिना अनापत्ति प्रमाण लिए बगैर कार्यालय परिसर से समीप के एक व्यक्ति को निर्माण कार्य कराने के लिए सुरक्षा दीवार तोड़कर जेसीबी मशीन से खुदाई करने देने पर दुग्ध संघ के अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया है ।मामले की सूचना मिलने पर सहायक निदेशक डेयरी विभाग ने केंद्र प्रभारी से मामले की जानकारी ली ।और उससे गल्ती सुधारने को कहा है साथ ही ऐसा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार कमेडी में दुग्ध सँघ के चिलिंग सेंटर में एक ग्रामीण ने सेंटर प्रभारी की सहमति पर दुग्ध संघ की सरकारी भूमि की दीवार तोड़कर अपनी भूमि में जेसीबी पहुंचाई। जब सहायक निदेशक डेयरी विकास विभाग अनुराग मिश्रा को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने भी इसे अनुचित बताया तथा केंद्र की सम्पत्ति की जिम्मेदारी बताते हुए अपने स्तर से कोई कार्रवाई का अधिकार नही होने की बात बताई ।तथा प्रधान प्रबंधक दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अल्मोड़ा के पास ही कार्रवाई का अधिकार होने की बात बताते हुए मामले में प्रधान प्रबंधक के पास भी जानकारी होने की बात बताई ।मामले में अल्मोड़ा दुग्ध संघ के प्रधान प्रबंधक गंगा शरण राणा ने बताया की मामले की सूचना मिलने पर गत रविवार को केंद्र निरीक्षण कर चिलिंग सेंटर के प्रभारी से स्पष्टीकरण लेकर मामले की रिपोर्ट मांगी है।

## ध्रुव की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**खानपुर।** क्षेत्र के गांव गिनौरा नंगली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र से भक्तों को भाव विभोर किया। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक साध्वी सीमा दुबे ने ध्रुव चरित्र के बारे बताया कि उन्होंने कहा कि भक्ति की उम्र ध्रुव सिखाते हैं। ध्रुव ने मात्र 5 वर्ष में भगवान को पा लिया और आज कथा में बताया की असली पुत्रवती वही नारी कहलाने लायक है, जिसका पुत्र राम का भक्त हो सेवक हो। कथा में भरत चरित्र के माध्यम से बताया की भरत ने जीवन में सब कुछ त्याग दिया और भक्ति से राजा रहुगन को भी मुक्ति का उपाय बताया। भगवान को पाने के लिए पैसा, वैभव , भोग आदि नही चाहिए भावना से भगवान को पाया जा सकता है।

# अवैध खनन को लेकर डीएम हुए सख्त

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड उच्चन्यायालय नैनीताल के सख्त आदेश के बाद अब जिलाधिकारी भी कोर्ट के आदेश का सख्ती से पालन करने के लिए सख्त हो गए हैं ।उन्होंने जिलाप्रशासन को अवैध खनन पर सख्ती करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने वन, पुलिस व राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते हुए अवैध खनन को लेकर उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। मंगलवार देर शाम जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने जिले एवं तहसील स्तर पर गठित निरोधक दल को सक्रियता व तत्परता से कार्य करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिले एवं तहसील स्तर पर गठित निरोधक दल को खनन क्षेत्रो में कड़ी निगरानी रखने के साथ ही अवैध अतिक्रमण आदि को लेकर सम्बंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन को लेकर निरोधक दल नियमित खनन क्षेत्र में जाकर स्थलीय निरीक्षण कर सक्रिय रहेंगे। तथा अवैध खनन या अतिक्रमण को लेकर जो भी शिकायतें प्राप्त होती है तो उस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उप जिलाधिकारी मोनिका, अनुराग आर्या, जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, जिला खनन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुहम्मद असद बने राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के जिला सचिव



**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मुहम्मद अदनान चौधरी ने सेमरियावां निवासी मुहम्मद असद को जिला सचिव मनोनीत किया है। इस मनोनयन पर कौकब माज, मुहम्मद इब्राहिम, सुद्धलाल, नजरुल हसन अंसारी, सत्यम त्रिपाठी, रहमान खान सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी है।

## 152 ट्रेक सूट का वितरण हुआ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में : रितु तोमर



**हापुड़।** जनपद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धौलाना में धर्मेश तोमर विधायक विधान सभा क्षेत्र धौलाना की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 152 ट्रेक सूट का वितरण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं को किया गया इस अवसर पर बेटाझबेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें, साथ ही विधायक द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं के साथ भोजन किया गया। कार्यक्रम में स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, रितु तोमर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, देशराज वत्स खण्ड शिक्षा अधिकारी, अमित शर्मा डी0सी0, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का स्टॉफ जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## देशी शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** खानपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध देसी शराब के साथ दो आरोपितों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में लाभार्थियों का किया गया रेडमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा चयन

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत ‘मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना’ के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा किया गया जिसमें उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, दुग्धशाला विकास अधिकारी व अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं आवेदन करने वाले समस्त लाभार्थी महिला एवं पुरुष की उपस्थिति में किया गया। डा० ओ०पी० मिश्रा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के द्वारा योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों के नाम क्रमवार बैठक में बताये गये जिनका चयन रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा योजना में आवंटित लक्ष्य 04 लाभार्थियों के कुल आवेदन 07 के सापेक्ष किया गया। चयनित लाभार्थियों के नाम निम्नानुसार है हर्षवर्धन त्यागी, अमित पिलानिया फरहीम ,अनुराधा। अवशेष लाभार्थियों को निम्नानुसार सॉफ्टेयर से प्राप्त प्रतीक्षा सूची के क्रम में रखा गया। नीलम त्यागी, कुलदीप पिलानिया, अमित कुमार। यदि चयनित लाभार्थियों द्वारा योजना को तय समय से पूर्ण नही किया जाता है तो प्रतीक्षारत लाभार्थियों को क्रम से अवसर दिया जायेगा। डा० ओ०पी० मिश्रा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा चयनित लाभार्थियों को धन्यवाद प्रस्ताव जारी करते हुए बैठक का समापन किया गया।

## आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने का काम ठप, लोग लौटे मायूस

**हाथरस।** बच्चों का नया आधार कार्ड बनवाना है या फिर पुराने कार्ड में कोई संशोधन करना है। दोनों काम कराना हाथरस में बेहद मुश्किल हो गया है। क्योंकि शहर में आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए एकमात्र स्थान मुख्य डाक घर है और यहां की मशीन खराब हो गई है। जिससे यहां का कामकाज ठप है। इस वजह से आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए 15 से 20 किलोमीटर दूर से आने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य डाकघर में आधार कार्ड से संबंधित काम के लिए एक से दो माह बाद का समय दिया जा रहा है। इतनी लंबी प्रतीक्षा के बाद अब तकनीकी दिक्कतों के कारण काम ठप हो गया है। इससे लोग बेहद परेशान हैं। दूरदराज के गांवों से आने वाले लोगों को वापस लौटना पड़ रहा है। दरअसल, इस समय राशन कार्ड में अपडेट आधार कार्ड से सत्यापन किया जा रहा है। वहीं किसान रजिस्ट्री से लेकर स्कूल के दाखिले को लेकर भी आधार अपडेट कराया जा रहा है।

# पालड़ीछीना-कनगाड़छीना मोटर मार्ग का निर्माण पूरा करने की मांग तेज

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय महेंद्र सिंह करायत के नाम से स्वीकृत सड़क पालडीछीना -जनोटी पालड़ी -कराला पालड़ी-चनोली -जैनकरास -कंगाड़छीना लिंक मोटर मार्ग का निर्माण पूरा करने को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत लगातार संघर्ष कर रहे हैं ।क्षेत्र की प्रमुख लिंक मोटर मार्ग का कनगाड़छींना में एनएच मोटर मार्ग में मिलान करने को लेकर क्षेत्रवासियों के साथ फौजी फतेह सिंह लगातार जनप्रतिनिधियों से लेकर मुख्यमंत्री राष्ट्रपति और केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण पूरा करने की मांग कर चुके हैं ।वही सड़क निर्माण को लेकर आमरण अनशन कर सड़क को शीघ्र एनएच मोटर मार्ग में मिलान की मांग कर चुके हैं ।वही सड़क निर्माण को पूरा करने का पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व० चन्दन राम दास के संकल्पों को पूरा करने को लेकर फतेह सिंह ने स्थानीय विधायक पार्वती चंदन दास से मुलाकात कर शीघ्र सड़क को कनगाड़छीना तक मिलान कराए जाने की मांग की। जिस पर विधायक पार्वती दास ने शीघ्र सड़क निर्माण कार्य कराने का आश्वासन दिया ।विधायक पार्वती दास ने बताया कि शीघ्र ही शासन स्तर से शेष 1700 मीटर सड़क के निर्माण के लिए जल्द वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। इसके पश्चात 6.5 किमी. सड़क का शासनादेश जारी करवाकर सड़क को कनगाड़छीना लिंक करेंगे का आश्वासन दिया।

## पुलिस ने गौ हत्या के मामले में वांछित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** थाना धर्मसिंहवा पर ग्राम सभा परसाशुक्ल अन्तर्गत एक खेत में पीपल के पेड़ के पास स्थित कुएं में एक छत विक्षत पशु का शव मिलनें जिसको देखने से गाय प्रजाति का शव प्रतीत होने व शव का कुछ भाग गाँव के दक्षिण व रशुलपुर उत्तर नहर पुलिया के नीचे मिलने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था , उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना धर्मसिंहवा पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा पूनम मौर्या के नेतृत्व में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में पत्रकार स्थायी समिति की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में पत्रकार स्थायी समिति की बैठक एनआईसी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रियम राजशेखर पांडेय सहित स्थायी समिति के सम्मानित सदस्यगण वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव, धीरेंद्र द्विवेदी, रमेश शर्मा, सौरभ त्रिपाठी एवं राहुल राय ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने पत्रकार स्थाई समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि जनपद स्तर पर पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने एवं प्रेस की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने के उद्देश्य से पत्रकार स्थायी समिति की बैठकें निर्धारित समय अंतराल पर आयोजित की जाती रहेगी। उन्होंने कहा कि समिति के पत्रकार सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर कार्यवाही की जायेगी।

वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद में सूचना संकुल/प्रेस क्लब भवन निर्माण से संबंधित सुझाव के बिंदु पर जिलाधिकारी ने सूचना अधिकारी को उनकी तरफ से शासन/मुख्यालय को एक अनुस्मारक पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया, जिससे जनपद में सूचना संकुल/प्रेस क्लब भवन निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराया जा सके।

बैठक में पत्रकार सौरभ त्रिपाठी द्वारा धनघटा तहसील में पत्रकारों की सुविधा के दृष्टिगत जन सहयोग से भवन निर्माण करने हेतु सूचना विभाग, संत कबीर नगर के नाम से जमीन उपलब्ध कराने के बिंदु पर जिलाधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी धनघटा एवं तहसीलदार को जमीन की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु पहले से ही निर्देशित कर दिया गया है।

बैठक में पत्रकार धीरेंद्र द्विवेदी द्वारा पत्रकारों के उत्पीड़न आदि के सम्बंध में उठाये गये बिन्दुओं एवं दिये गये सुझावों का जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान में लेते हुए आश्वस्त किया गया कि प्रशासन पूरी तरह से पत्रकारों की सुरक्षा एवं हित को वरीयता देता है। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बन्धुओं के साथ किसी भी स्तर पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यदि किसी तरह का उत्पीड़न/व्यवधान संज्ञान में आता है तो उस पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सम्मानित पत्रकारों द्वारा प्रशासन एवं पत्रकार के बीच आपसी ताल-मेल एवं सौहार्द को बेहतर बनाये रखने से सम्बन्धित सुझावों की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने पत्रकार हित में उठाई गई मांगों पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया।

इस अवसर पर पत्रकार स्थायी समिति के सभी सम्मानित सदस्यगण एवं सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज उपस्थित रहे।

# जल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महापौर ने किया भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खरकवाल ने बुधवार को भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण शहर की जल एवं सीवेज व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की एक विशेष टीम महापौर के साथ उपस्थित रही। इस टीम में प्रमुख रूप से अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह एवं जलकल अधिशासी अभियंता विकास शामिल थे। साथ ही प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री राजेश मटपाल, सूएज इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अश्विनी डोगरा अपनी टीम के साथ तथा जलनिगम के अधिशासी अभियंता एवं जूनियर इंजीनियर भी मौजूद रहे।

महापौर ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की वर्तमान कार्यक्षमता, उपलब्ध संसाधनों और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि शहर की बढ़ती जनसंख्या और विकास को देखते हुए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लांट में आने वाले सीवेज का उचित शोधन सुनिश्चित किया जाए और शोधित जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

टीम ने प्लांट में स्थापित विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया और उनके रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। महापौर ने कहा कि जलकल विभाग नगर निगम की प्राथमिकता है कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलें और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से प्लांट का निरीक्षण करें और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं।

निरीक्षण के दौरान सूएज इंडिया की टीम ने प्लांट के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। महापौर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्लांट की क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। जलकल विभाग नगर निगम का यह प्रयास शहर की जल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से न केवल शहर की स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

# 18 जनवरी तक बढ़ीं स्कूलों की छुट्टियां

**लखीमपुर खीरी।** भीषण शीतलहर और कोहरे के चलते बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में 18 जनवरी तक अवकाश की घोषणा की है। बता दें कि पहले स्कूलों में 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया था। इसके बाद 15 जनवरी से स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया था, जिसमें स्कूल का समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निर्धारित किया गया था। हालांकि, जनपद में बढ़ती शीतलहर और घने कोहरे के कारण बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने का निर्णय लिया गया। यह आदेश जिले के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# खंड विकास अधिकारी सोहावल ने पिरखौली गौशाला का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** विकासखंड सोहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरखौली के अस्थाई पशु आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण खंड विकास अधिकारी सोहावल अनुपम वर्मा ने किया

निरीक्षण में पशुओं के खाने पीने के लिए हरा चारा, भूसा, पशुआहार एंव पीने के लिए पानी प्रयाप्त मात्रा में मिला एंव साफ सफाई आदि का भी बड़ी गहनता से निरीक्षण किया गौशाला में ठंड से बचाव हेतु शेड़ों में तिरपाल एवं काउ कोट, अलाव, एवं बोए गए हरे चारे आदि की व्यवस्था देख संतुष्ट नजर आए खंड विकास अधिकारी गौशाला संचालक को निर्देशित किया कि गौशाला का संचालन शासन की मंशा के अनुरूप हो एंव ठंड का मौसम है पशुओं की देखरेख में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें निरीक्षण के समय ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हिटलर तिवारी सचिव सुशील पांडेय , एवं ब्लॉक के अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर गौशाला केयरटेकर जयप्रकाश, राम भारत, बुद्धू महगू राम, यदुनाथ मौर्य, दुर्गेश मौर्य, अमरजीत आदि लोग मौजूद रहे।

# हाथरसः सत्संग भगदड़ मामले की इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई आज, तत्कालीन एसपी-डीएम को किया तलब

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** जनपद में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में हुई 121 श्रद्धालुओं की मौत के मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज अहम सुनवाई हुई. न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव इस मामले में सुनवाई की. कोर्ट ने इस घटना में प्रशासनिक लापरवाही के आरोपों पर तत्कालीन जिलाधिकारी और एसपी को हलफनामे के साथ तलब किया है। बताते चलें यह हादसा बीते 2 जुलाई 2024 को जिले के थाना कोतवाली सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित सूरज पाल उर्फ भोले बाबा के सत्संग कार्यक्रम में भगदड़ मच जाने के चलते हुए था। इस हादसे में 121 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे. घटना के बाद प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे थे। हाईकोर्ट ने पहले ही इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा था. कोर्ट ने पूछा था कि प्रशासनिक बदइंतजामी के कारण हुई इन मौतों के लिए क्यों न जिलाधिकारी और एसपी की जवाबदेही तय की जाए। इस मामले में हाईकोर्ट ने आदेश की प्रति गृह सचिव, आयुक्त, जिलाधिकारी, और पुलिस आयुक्त प्रयागराज को भेजने का निर्देश दिया था. कोर्ट ने सुनिश्चित करने को कहा कि, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# अकबरपुर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका रेखा दीक्षित लखनऊ में सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक के गांव अपबरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम की प्रधान अध्यापिका रेखा दीक्षित को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला लखनऊ में पुस्तक लोकार्पण व शिक्षक सम्मान समारोह में प्रथम दिवस पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की जयंती पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा इन्हे सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मथुरा की पांच अन्य शिक्षिकाएं भी सम्मानित की गई। कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने रेखा दीक्षित के साथ ज्योति दीक्षित उच्च प्राथमिक विद्यालय महावन, अंजू गौतम प्राथमिक विद्यालय मुरसदपुर, गुरुप्रयारी उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरजापुर, रश्मि शर्मा सिहोरा, शशि शर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय सरुपा (राया) को सम्मानित किया गया।

# करोड़ों की जमीन हड़पने वाला गैंग का मुख्य सरगना विजय अग्रवाल फरार, दिल्ली में मिली लोकेशन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने वाले संगठित गिरोह का पदार्फाश हुआ है। इस गैंग का सरगना विजय अग्रवाल, जो एक बड़े रिसॉर्ट का मालिक है, फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और धोखाधड़ी की कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। गिरोह में शामिल निलंबित लेखपाल सावन जायसवाल और अमित राठौर को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस फरार विजय अग्रवाल की तलाश में जुट गई है।व्यापारी की लोकेशन पुलिस को दिल्ली में मिली है। ये गैंग गरीब और बुजुर्ग लोगों को लालच देकर या उन्हें धमकाकर फर्जी गवाही करवा रहा था। बारादरी थाना क्षेत्र के हरूनगला निवासी हरिओम ने खुलासा किया कि उन्हें 1500 रुपये का लालच देकर जमीन का फर्जी बैनामा करवा लिया गया। यह जमीन विम्मी मदान नामक महिला की बताई जा रही है, जिन्होंने पहले ही फर्जी रजिस्ट्री को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। हरिओम ने बताया है कि गैंग के सदस्य उन्हें रजिस्ट्री ऑफिस ले गए और साजिश के तहत दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने कई अन्य मामलों में भी इसी तरह गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को अपना शिकार बनाया है। इस प्रकरण में एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया है कि, हृगिरोह के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, और अन्य की तलाश जारी है। विजय अग्रवाल की लोकेशन दिल्ली में मिली है, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। गिरोह में सोनिया बैटरी वाले का नाम भी सामने आया है। इस व्यक्ति की भूमिका जमीन कब्जाने और दस्तावेजों में हेरफेर करने में अहम रही है। पुलिस अब इस आरोपी पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।ॅ आपको बता दें कि इस गैंग के खिलाफ कुल नौ मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, जिनमें से तीन बारादरी थाने और तीन कैंट थाने में दर्ज हैं। हाल ही में दो नए मुकदमे भी दर्ज हुए हैं। गिरोह के सदस्यों पर जमीन के दस्तावेजों में हेरफेर, फर्जी गवाहियां, और धमकी देने जैसे आरोप हैं।

# पुलिस ने 02 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर जनपद अयोध्या के दिशा-निर्देशन में वांछित अपराधियों एंव वारंटियों खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुक्रम में बलवन्त चौधरी (पुलिस अधीक्षक ग्रामीण) एंव क्षेत्राधिकारी बीकापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अरविन्द सोनकर (पुलिस उपाधीक्षक/ थाना प्रभारी) थाना तारुन के नेतृत्व में उ0नि0 नरेन्द्र बहादुर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.01.2025 को वारंटी 1.अजय निषाद पुत्र रामनरायन निषाद निवासी सोनेडाड़ थाना तारुन जनपद अयोध्या 2.राघवराम पुत्र भगवान प्रसाद निवासी ग्राम तारडीह थाना तारुन जनपद अयोध्या को उनके घर से गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया ।

# डिंपल यादव के जन्मदिन को नारी सशक्तिकरण संविधान दिवस के रूप में मनाया गया




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** 15 जनवरी बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी के विशेष आमन्त्रित सदस्य संजीव कुमार सक्सेना ने समाजवादी पार्टी की सांसद डिम्पल यादव का 47वा जन्मदिन नारी सशक्तिकरण संविधान दिवस के रूप में मनाते हुए अपने खून से 47 बार संविधान ज़िंदाबाद, पीडीए ज़िंदाबाद लिखा। इस अवसर पर संजीव कुमार सक्सेना ने कहा कि हम अपनी नेता डिम्पल यादव के 47वे जन्मदिन को महिला सशक्तिकरण, संविधान दिवस के रूप में मना रहे है, उन्होंने इस अवसर पर शपथ लेते हुए कहा कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपने खून की आखिरी बूंद तक संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहूंगा, पीडीए की एकता सफलता के लिए अपना तन मन समर्पित करता रहूँगा।इस अवसर पर सपा के ज़िला उपाध्यक्ष हैदर अली, अक्षय मेसी, अमित कुमार, जहीर खान, अजय सक्सेना, सतीश सक्सेना, कार्तिक सक्सेना, उमंग सक्सेना, अनूप सक्सेना, देवेंद्र सक्सेना, विद्या राम शर्मा, विपिन यादव, शिवम कश्यप, उमेश मौर्य, नरेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सैय्यद दावर अब्बास को मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी मे मिला दाखिला



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** सोहावल तहसील क्षेत्र मुस्तफाबाद बडागांव निवासी सपा नेता दीदार अब्बास के भतीजे सैय्यद दावर अब्बास पुत्र सैय्यद अब्बास को मैनचेस्टर [लंदन]यूनिवर्सिटी मे,दाखिला मिला।दावर अब्बास को मिले एडमिशन को लेकर सपा नेता अब्बास ने बताया कि शिया डिग्री कालेज लखनऊ बी एस सी की डिग्री मिलने के बाद हौसला बुलंद हुआ। स्व पिता की शिक्षा के दौरान मिली प्रेरणा से,अभिभूत भारत का तिरंगा विदेश मे लहराने की ललक बनी।मास्टर आर्फ विजनेश एनालेस्टिक के लिए मेट्रो पोलिस्टिन यूनिवर्सिटी मे एडमिशन के लिए फार्म सम्मिट किया।बेहतर रैंक की बदौलत कोर्स प्राप्त करने का अवसर मिला। मैनचेस्टर का हवाई सफर करने से पूर्व युवा छात्र सैय्यद दावर अब्बास ने लंदन मे मिले अवसर को मा स्व पिता के साथ साथ परिवार एवंम शिया कालेज के छात्र अध्ययन कराने वाले शिक्षको को श्रेय दिया है। ग्रामीण क्षेत्र के युवा को मिले श्रेय से क्षेत्र का नाम रौशन करने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय, सपा नेता अनूप सिंह, ग्राम प्रधान नदीम मलिक, राजेंद्र गोस्वामी, आदि ने खुशी का इजहार किया।

# ओवरलोडिंग पर 8 ट्रक सीजः आरटीओ और पुलिस की टीम ने की चेकिंग

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों के पलटने से हुई तीन लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ा अभियान चलाते हुए ओवरलोड गन्ना लदे आठ ट्रकों को सीज कर दिया है। लखीमपुर खीरी के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) अखिलेश द्विवेदी और धौरहरा थाना अध्यक्ष विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान ईसानगर, धौरहरा और खमरिया की तरफ से आ रहे ओवरलोड ट्रकों को रोककर कार्रवाई की गई।

एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि सड़क सुरक्षा और हादसों को रोकने के लिए ओवरलोडिंग के खिलाफ समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

लखीमपुर खीरी में गन्ना परिवहन में होने वाली ओवरलोडिंग को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में इस समस्या से निपटने के लिए विशेष रणनीति बनाई है। प्रशासन ने चीनी मिलों के लिए 9 विशेष टीमों का गठन किया है, जिनमें परिवहन विभाग, पुलिस और गन्ना विभाग के अधिकारी शामिल हैं। ये टीमें चीनी मिलों के गेट पर तैनात रहकर ओवरलोड वाहनों की जांच करेंगी। नियम उल्लंघन पाए जाने पर वाहन को सीज करने के साथ जुमार्ना भी लगाया जाएगा। महत्वपूर्ण निर्णय के तहत, प्रत्येक चीनी मिल को अपने और ट्रांसपोर्टर की ओर से एक अंडरटेकिंग देनी होगी।

# हाथरस रोडवेज ने महाकुंभ के लिए शुरू की बस बुकिंग सुविधा

**हाथरस।** महाकुंभ के लिए हाथरस डिपो से बसों का संचालन किया है। इसमें अब बुकिंग किए जाने की सुविधा भी दी जा रही है। इसमें 50 यात्रियों की बुकिंग पर दो यात्रियों को निशुल्क यात्रा दी जाएगी। बसों में प्रयागराज की यात्रा के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसमें बसों की अग्रिम बुकिंग शुरू कर दी है। इसके अंतर्गत ग्राम प्रधान, प्रेरक आदि के द्वारा बुकिंग की जा सकती है। इसमें 50 यात्रियों की अग्रिम बुकिंग की जा सकती है। इसमें आने व जाने के लिए अग्रिम भुगतान करना होगा। साथ ही दो यात्रियों को निशुल्क यात्रा दी जाएगी। कुल 52 सीट की बसों में दो यात्रियों को निशुल्क यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हाथरस डिपो इरफान अहमद ने बताया कि बुकिंग में आने व जाने की सुविधा दी जाएगी।

# बागपत के प्रसिद्ध तीर्थ बाबा बैद्यनाथ धाम पावला बेगमाबाद के जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमि पूजन

वेलकम इंडिया



**बागपत।** जनपद बागपत में स्थित उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शुमार बाबा बैद्यनाथ धाम पावला बेगमाबाद के जीर्णोद्धार के लिए ग्रामवासियों ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन में महेश मन्दिर खट्टा प्रहलादपुर के प्रसिद्ध संत एकादशी गिरी जी महाराज, बाबा बैद्यनाथ धाम पावला बेगमाबाद के मुख्य संत गजानंद गिरी जी महाराज, बागपत विधायक योगेश धामा, रालोद के जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री कुलदीप उज्जवल, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, सुप्रसिद्ध समाजसेवी रमेश वर्मा बागपत, मंदिर समिति के अध्यक्ष श्योराज धामा सुबेदार, सुप्रसिद्ध समाज सेवी नवनीत बंसल डगरपुर, सुप्रसिद्ध समाज सेवी रवि बैसला भगौट, ग्राम प्रधान मनोज धामा सहित क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों ने भाग लिया। भूमि पूजन की मुख्य पूजा विधि-विधान के साथ पंड़ित विजयकान्त शास्त्री द्वारा पूर्ण करायी गयी।

रमेश वर्मा बागपत की और से इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने बाबा बैद्यनाथ जी से मंदिर जीर्णोर्धार के निर्विध्न पूर्ण होने के लिए प्रार्थना की। बाबा बैद्यनाथ धाम के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष श्योराज धामा सूबेदार, कोषाध्यक्ष यशराम धामा, सचिव विक्रम धामा उर्फ पोपी, विकास धामा, रमेश वर्मा बागपत, जेबीबी सेवादल के समस्त सदस्यों और ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर महेन्द्र मैनेजर, गणेश गिरी महाराज, शैलेष सिंह, जयसिंह, नेशनल अवार्डी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, रामपाल पंवार, अखिल धामा सहित सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# युवा कल्याण विभाग द्वारा डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद में आज विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में किया गया। उपरोक्त खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग में पुरुष तथा महिला की एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी अमेठी विनय कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया तथा कबड्डी व दौड़ की प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई गई। प्रतियोगिता की समाप्ति पर पवन कुमार वर्मा अधिशासी अधिकारी द्वारा विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल/शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के खेलों में विनोद कुमार, सीपी सिंह यादव, एसपी सिंह, श्याम जी यादव, नीलम सोनी निर्णायक के रूप में कार्य किया तथा मंच का संचालन चंद्रपाल यादव के द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता रागिनी पांडे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमेठी की देखरेख में संपन्न कराई गई। इस अवसर पर मोहम्मद शमीम उपक्रीड़ाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक सब जूनियर वर्ग में नरसिंह गुप्ता प्रथम, जगनंदन द्वितीय, 100 मी बालिका सब जूनियर वर्ग में गौरी मोदन प्रथम, करिश्मा द्वितीय, 800 मी बालिका सब जूनियर वर्ग में गौरी मोदन प्रथम, आराध्या मिश्रा द्वितीय, 1500 मीटर बालक जूनियर वर्ग में प्रियांशु प्रथम, मोहम्मद आसिफ द्वितीय, बैडमिंटन सीनियर वर्ग बालक में आलोक अग्रहरि प्रथम, जूनियर वर्ग बालक में आशुतोष प्रथम, वॉलीबॉल बालक सीनियर वर्ग में अगहर की टीम विजेता तथा गोसाईगंज की टीम उपविजेता रही।

# डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा हापुड़ स्थित कंट्रोल रूम व डायल-112 का वार्षिक निरीक्षण कर पुलिस पेन्शनर्स के साथ की गोष्ठी

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़।** डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि द्वारा जनपद हापुड़ स्थित कंट्रोल रूम व डायल-112 का वार्षिक निरीक्षण कर पुलिस पेन्शनर्स के साथ की गोष्ठी आयोजित की गई । इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, सहित आदि अधिकारीगण मौजूद रहे। संचार व्यवस्थाये दुरस्त रखने हेतु निरीक्षण के दौरान कन्ट्रोल रूम में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों को निम्नांकित निर्देश दिये गये कि डीसीआर/सीसीआर में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी धारण करेगे।डीसीआर/सीसीआर में नियुक्त समस्त अधिकारी / कर्मचारियो को जनपद की भौगोलिक स्थिति की जानकारी होनी चाहिये। ट्रैफिक कंट्रोल रूम को किया जाए सीसीटीवी कंट्रोल रूम से समन्वित, ताकि किसी भी घटना पर त्वरित हो कार्यवाही। जनपद के सभी चौकी इंचार्जों का लोकेशन रात्रि के अतिरिक्त दिन में भी आकस्मिक रूप से कम से कम 2 बार अवश्य लिया जाये।

जनपद के सभी चौकी इंचार्जों के सीयूजी नंबर की सूची डीसीआर/सीसीआर तथा डायल-112 में चश्पा होनी चाहिए। चौकी इंचार्जों के सीयूजी नंबर पर भी संपर्क स्थापित किया जाए। सीयूजी बन्द मिलने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु ए0आर0ओ संबंधित जनपद प्रभारी को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।आर0आई0 रेडियो सीसीआर/डीसीआर में नियुक्त ऑपरेटर के कार्य वितरण का चार्ट तैयार कर चश्पा करे। जनपद में उत्तम संचार व्यवस्था कायम की जाए जिससे सीमावर्ती जनपद/राज्य के थानों से संचार के माध्यम से निर्वाध सम्पर्क हो सके। *डायल-112 *

डायल 112 में फडकढआर ओ आई पी में 1 उ0नि0 ड्यूटी पर नियुक्त रहें व सूचना के बारे में सीसीआर, डीसीआर को अवगत कराये तथा गंभीर/सांप्रदायिक प्रकरणों में एसएचओ, सीओ, एडिशनल एसपी एवं एसपी को भी फोन के माध्यम से अवगत कराए। पीआरवी-112 के वाहनों का संवेदनशीलता के आधार पर रूट का निर्धारण अवश्य करा लिया जाये। एक ही स्थान पर किसी कर्मचारी की बार-बार एवं लंबी अवधि के लिए ड्यूटी ना लगाई जाए। रिजर्व में एक ही कर्मचारी की बार-बार ड्यूटी ना लगाई जाए व एक ही व्यक्ति को अधिक समय तक रिजर्व न रखें। किसी भी कर्मी को ऐसे थानों की पीआरवी में नियुक्त न किया जाये जिन थानों में वह यूपी-112 की नियुक्ति से पूर्व तैनात रहा हो *पुलिस पेन्शनर्स गोष्ठी*- प्रत्येक थाने पर पेंशनर्स की नियमित गोष्ठी के निर्देश दिए तथा बीट आरक्षी की बीट बुक में पेंशनर्स का विवरण अंकित करने के लिए कहा गया जिससे बीट आरक्षी नियमित रूप से उनसे मिलते रहे।

## वैदिक मंत्रों से प्रतिष्ठा के साथ अपने नव निर्मित गर्भ गृह में विराजे श्री चतुर्भुज भगवान

**मथुरा/ छाता।** नगर के सबसे प्राचीन मंदिरों में से लगभग 500 वर्ष प्राचीन श्री विग्रह चतुर्भुज भगवान जी मंदिर का नव निर्माण कार्य पिछले 2 वर्षों से चल रहा था, कार्य पूरा होने पर 15 जनवरी को प्रातः काल 9 बजे ठाकुर जी को वैदिक मंत्रों से निज गर्भ गृह में ले जाया गया। जानकारी देते हुए चतुर्भुज मंदिर सेवायत गौरव अविरल शास्त्री ने बताया कि ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक रीति से हवन व पूजा की गई, सेवायतों के द्वारा विशेष जड़ी बूटियों द्वारा ठाकुर जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया। उसके बाद भव्य फूलबंगला छप्पन भोग ठाकुर जी को अर्पण किए गए। सेवाधिकारी शिवचरण लाल कौशिश ने बताया कि बुधवार की सुबह से मंदिर में ठाकुर जी के दर्शन करने वाले भक्तो की हजारों की संख्या में भीड़ ने विशेष प्रकार के फूलों के द्वारा सजे फूल बंगले में विराजमान ठाकुर जी के दर्शन व भंडारे प्रसाद का लाभ लिया। तेजराम शर्मा द्वारा ठाकुर जी को छप्पन भोग फूलबंगला भंडारे की सेवा प्रदान की गई।

# ब्रह्मराष्ट्र एकम का मॉरीशस में नेतृत्व करेंगी ज्योति बोबून, अंतरराष्ट्रीय शाखा का होगा शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** बड़े ही हर्ष का विषय है कि भारत के दौरे पर आई मॉरीशस के हिंदी प्रचारिणी सभा जिसकी स्थापना सन् 1950 में हुई थी उसकी कोषाध्यक्ष ज्योति बोबून, विश्वाणी जी, सहित कुल 15 लोगों ने ब्रह्मराष्ट्र एकम् की धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन की प्रारंभिक सदस्यता ली तथा पूरे मॉरीशस में संगठन का विस्तार करेंगी सभी सदस्य हाल में उड़ीसा में हुए अप्रवासी भारतीय सम्मेलन में सम्मिलित होने के पश्चात काशी के दौरे पर दर्शन पूजन किया व प्रयागराज के महाकुंभ 2025 में आस्था और संस्कृति की डुबकी भी लगाई आज के प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि ब्रह्मराष्ट्र एकम् के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सचिन सनातनी, धर्म संस्कृति और आध्यात्मिक क्षेत्र में बड़े-बड़े आयोजन कर रहे हैं जिससे लाखों वर्षों का सनातनी इतिहास से हमारे हिंदू एकता को बल देने का कार्य कर ही रहा है जिसमें युवाओं की सहभागिता अधिक सक्रिय है।

ज्योति बबून संगठन द्वारा सप्त ऋषि गुरुकुल के आगामी निर्माण कार्य को सराहते हुए एक गुरुकुल मॉरीशस में शाखा के रूप में खोलने का प्रयास करेगी। संगठन के विभिन्न दायित्वों पर सभी 15 सदस्य दल ने संकल्प लेकर भारत और मॉरीशस के रिश्तो को और मजबूत बनाने पर जोर दिया हैं भारत की मिट्टी में वह शक्ति है जो पूरे विश्व को भारत की संस्कृति से संवैधानिक रूप से जोड़ सकती है,जिससे सभी जाति वर्ग और समुदाय को एकता अखंडता और समानता के सूत्र में बांधकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को चरितार्थ किया जा सके।

# प्रधानों ने केक काटकर प्रधान संघ जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष के जन्मदिन की मनाई खुशियां



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** प्रधान संघ जिलाध्यक्ष डाक्टर पवन मिश्रा के 43वें जन्म दिवस के मौके पर शोहरतगढ़ ब्लॉक के ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया। बुधवार को ग्राम प्रधानों ने शोहरतगढ़ ब्लॉक परिसर में प्रधान संघ जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा के साथ केक काटा और उनकी लंबी उम्र की कामना की। शोहरतगढ़ के समस्त ग्राम प्रधानों ने प्रधान संघ जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा के 43वें जन्मदिन पर केक काटकर उन्हें मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई वही जनपद के चौदहों ब्लॉक में ग्राम प्रधानों ने प्रधान संघ जिला अध्यक्ष के लंबी आयु के लिए जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा के जन्मदिन की खुशियां मनाईं। इसी खुशी के साथ बुधवार को जोगिया विकासखंड के प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रभु यादव के जन्मदिन की खुशियां एडवोकेट नीरज सिंह जोगिबारी प्रधान प्रतिनिधि ने जोगिया ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ ने मनाई और उनके उम्र की लंबी कामना की। बुधवार का दिन जिले के दो ग्राम प्रधानों के खुशियों के लिए महत्वपूर्ण रहा।इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## विवाहिता के मौत के मामले में पति, सास व ससुर दहेज हत्या में भेजे गए जेल



**कछ्वांरोड।** करधना प्रतापपुर (मिजार्मुराद) गांव में मंगलवार की सुबह फंखे में साड़ी के फंदे से लटकी मिली विवाहिता किरन पटेल के मौत के मामले में मिजार्मुराद पुलिस ने विवाहिता के चाचा भालेंद्र कुमार पटेल के तहरीर पर विवाहिता के पति विकास पटेल, सास संगीता देवी व ससुर गुलाब पटेल के खिलाफ दहेज में बुलट की मांग पूरी न होने पर जान से मार देने के मामले मिजार्मुराद पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई थी।मुखबिर द्वारा सूचना के आधार पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी व करधना चौकी प्रभारी रोहित दुबे ने तीनों आरोपियों को प्रतापपुर करधना से बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिये।पुलिस ने लिखा पड़ी करने के बाद तीनों आरोपितों को जेल भेज दी।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी, करधना चौकी प्रभारी रोहित दुबे, कांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद, रमेश कुमार व महिला कांस्टेबल अमृता रही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चार दिवसीय कैंप का आयोजन



**वेलकम इण्डिया**

**चांदपुर।** शकुंतला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चार दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने सभी छात्र एवं छात्राओं को स्वच्छता अभियान से संबंधित जानकारी दी इसके पश्चात झाड़ू लगाकर साफ सफाई का अभियान चलाया गया। सभी विद्यार्थियों को डायरी और बैच वितरित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ शिवानी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि आगे बढ़ने के लिए राष्ट्र भावना का होना जरूरी है। खेल प्रभारी दीपक सरोहा ने अपने संबोधन में कहा कि हमे लक्ष्य बनाना चाहिए और उस पर ईमानदारी से कार्य करते हुए आगे बढ़ने चाहिए। इन कार्यों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। विज्ञान विभाग प्रभारी नीरज शर्मा, बीएड प्रभारी डॉ राकेश कुमार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित कुमा१, अमित चौहान, हर्षी अग्रवाल, मिस नैंसी त्यागी, मिस पारुल राव, गुंजन शर्मा, अनुराधा, स्वाति शर्मा, ब्रजबाला , मिस शिवानी त्यागी आदि का सहयोग रहा।

# दिल्ली ने प्रतियोगिता के फाइनल पर किया कब्जा

**वेलकम इण्डिया**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी, शोहरतगढ़.के गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूनामेंट में बुधवार को का फाइनल मुकाबला दिल्ली व सिद्धार्थनगर के बीच खेला गया। जिसमें दिल्ली के कप्तान आयुष चौहान ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिद्धार्थनगर ने निर्धारित 20 ओवरों में से 18.3 ओवर खेलकर सभी विकेट होकर 160 रन बनायें। सिद्धार्थनगर की तरफ से प्रेम साहनी ने 68 और

गोविन्द यादव ने 28 के साथ मानस सिंह ने 14 रनों का योगदान दिया। वहीं दिल्ली की तरफ गेंदबाजी में आयुष चौहान ने 07, नरेन्द्र यादव ने 02 और सक्षम राय ने 01 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम के आर्यन चौधरी के 65, सक्षम राय ने 37 और हर्षित प्रताप ने 18 रन की बदौलत 07 विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 19.5 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच दिल्ली के आयुष चौहान को दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज दिल्ली के आयुष चौहान को ही दिया गया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दिल्ली के विकास राय और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज दिल्ली के आयुष चौहान दिया गया। वहीं बुधवार के मैच के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री/विधायक बांसी जय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, चेयरमैन उमा अग्रवाल व ब्लाक प्रमुख/समाजसेवी श्याम जायसवाल रहें। इस मैच के अम्पायर के रूप में आशीष चौधरी व रवि कौशिक तथा स्कोरर गंगेश्वर कुशवाहा और कॉमेंटेटर के रूप में धर्मेन्द्र सिंह व प्रयाग भास्कर रहें। इस प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण रेहान जादरान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी, महामंत्री चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अम्बिका त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, पप्पू यादव, केशवराम यादव, संजय कौशल, राजेश उपाध्याय व सुनील अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया**



**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** जनपद के मिश्रौलिया थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है।पुलिस के मुताबिक बुधवार को तीन अभियुक्तों को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की खास की सूचना पर ग्राम हरैया मे स्थिति कूड़ाघर के पास नाकाबंदी कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी किए गये सामन की बरामदगी कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया।

वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों में बलिराम निषाद पुत्र रामचरित्र व अमित निषाद पुत्र तुलसीराम और शिवराज निषाद पुत्र विदेशी निषाद निवासी नागचौरी केवटहिया थाना मिश्रौलिया सिद्धार्थनगर है। बरामदगी में माल 08 टावर बैट्री, एक झोले मे रिंच, पेंचकस, पिलास, कटर, एक अदद तमंचा व एक अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर, 2100/- रुपये नगद, 03 अदद मोबाइल फोन एवं एक अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पलेन्डर प्लस (वढ55अढ1241) था।

इस दौरान गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मिश्रौलिया हरिओम कुशवाहा, उप निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव, उप निरीक्षक शिवदास गौतम, उप निरीक्षक राजकुमार चौधरी, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल सुकेश शाह, कांस्टेबल कुलभास्कर वर्मा मौजूद रहें।

# संजीव वालिया परिवार द्वारा कराया गया मकर संक्रांति पर भंडारा का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर संजीव वालिया परिवार द्वारा कदम बाबा देव स्थान पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह 24वा भंडारा था सर्वप्रथम संजीव वालिया, शुभम वालिया द्वारा हवन पूजन किया गया तत्पश्चात हरि नाम संकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन हुआ कदम बाबा देवस्थान की क्षेत्र में काफी मान्यता है।

कार्यक्रम में शोभा वालिया, वंशिका कर्णवाल, काव्या वालिया, अक्षत वालिया, रुद्रांश कर्णवाल, मोहित कर्णवाल, इशू वालिया, आर्यन वालिया, वंश कर्णवाल, मुरादाबाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, लक्ष्य कॉलेज के एमडी डा० अमित चौहान, जिला पंचायत सदस्य आयुष चौहान, ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, अनिल जुनेजा, देवता महाविद्यालय मोरना के प्रबन्धक विरेन्द्र सिंह, सत्येंद्र आर्य, संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, राजीव कर्णवाल, सुशील त्यागी, अरुण अग्रवाल, होरी सिंह त्यागी, अशोक त्यागी, क्लर्क मनोज कुमार, बजरंग दल ताजपुर के सचिन तोमर, हिरदेश गोला, सुमित सैनी आदि मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ मे 28 फरवरी तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि दिनांक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंत पंचमी व 26 फरवरी को शिवरात्रि का त्योहार मनाया जायेगा। दिनांक 18 जनवरी 2025 को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा व इस दौरान अन्य विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षायें सम्पन्न होनी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने त्योहार पर विशेष सतर्कता बरते जाने तथा परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित करने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 28 फरवरी 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नहीं कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, एक नली बन्दूक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्युटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथा बैंक में लगे हुए सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डी०जे०, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। इस संबंध में शासन द्वारा दिये गये निदेर्शों का कड़ाई से परिपालन किया जायेगा और लाउडस्पीकर का प्रयोग सक्षम अधिकारी एवं संबन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसी आलोचना नहीं करेगा जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गयी बातों पर आधारित हो एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं देगा। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी।

कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण व विघ्न रहित जिन्दगी अधिकार को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों के विचारों या कार्यों का विरोध करने के लिए उनके घरों के सामने धरना, प्रदर्शन आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे विभिन्न जातियों, धार्मिक व भाषायी समुदायों के बीच मतभेद बढ़े अथवा घृणा की भावना या तनाव पैदा हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था को भंग करने व लोगों को गुमराह करने वाले किसी भी प्रकार की अफवाह को प्रचारित व प्रसारित नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार की नारेबाजी, उत्तेजना फैलाने वाले या साम्प्रदायिक सद्भाव विगाड़ने वाले प्रचार नहीं करेगा।

# जेसीबी व कार की टक्कर में दो लोगों की हुई मौत, एक घायल

**वेलकम इण्डिया**



**ढेबरुआ/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत बीती रात बढ़नी-इटवा मार्ग पर ढेबरुआ के पास जेसीबी व कार की टक्कर से तीन लोग घायल हो गयें। आपको बता दें कि घायलों में दो की मौत व एक की हालत गम्भीर बतायीं जा रही है। वहीं घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी लाया गया। जहां से चिकित्सक ने उन्हें मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। एम्बुलेंस द्वारा मुख्यालय जाते समय रास्ते में दो लोगों की मृत्यु हो गयी। दोनों युवक एक ही घर के सगे भाई थे। जिनका जेसीबी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि विकास खण्ड बढ़नी में तैनात एक कर्मचारी की

ब्रेजा गाड़ी विकास खण्ड बढ़नी के गांव गोल्हौरा में खड़ी हुई थी। जिसे लेकर गोल्हौरा के एक पत्रकार पंकज चौबे जा रहे थे तो उधर से सामने से आ रही जेसीबी से उनकी टक्कर हो गयी, जिसमे जेसीबी सवार दो लोगों और पत्रकार पंकज घायल अवस्था में तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी लाया गया। जहां से चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही दो लोगों की मौत हो गई और पत्रकार पंकज चौबे का सिद्धार्थनगर में इलाज चल रहा है।

# जनकल्याणकारी दिवस के रूप में हापुड़ में मनाया गया बसपा सुप्रीमो बहन कु० मायावती का जन्मदिन

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री आयरन लेडी बहन कु० मायावती का 69 वा जन्मदिन शहर के बुलंदशहर रोड पर स्थित उर्मिला सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल में जिला अध्यक्ष डॉ ए.के कर्दम व जिला यूनिट बसपा के तत्वाधान में जनकल्याणकारी समारोह दिवस के रूप में मनाया गया।

जहां मुख्य अतिथि जितेंद्र गौतम प्रभारी मेरठ मंडल व विशिष्ट अतिथि देवेंद्र भारती प्रभारी मेरठ मंडल उपस्थित रहे और उनका फूलों का बुग्गा देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी व मान्यवर काशीराम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। तो वहीं मुख्य अतिथि जितेंद्र गौतम ने बहन कुमारी मायावती के कार्यकाल में गरीब,कमजोर पिछड़ों एवं शोषित वर्ग के लोगों को दिए गए उनके हक अधिकार के साथ कार्यों को गिनाते हुए उनका जीवन परिचय बताया।

विशिष्ट अतिथि देवेंद्र भारती ने बहुजन समाज के आत्म सम्मान में बहन कु० मायावती द्वारा किए गए कार्य को कभी बुलाया नहीं जा सकता और हम संकल्प लेते हैं उनके हाथों को मजबूत कर आने वाले समय में बहन कु० मायावती को यूपी की मुख्यमंत्री का बनाने का काम करेंगे और जिला अध्यक्ष डॉक्टर ए.के कर्दम ने सभी लोगों को बहन कुमारी मायावती के 69 वे जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बाबूदिन कुरैशी को नगर अध्यक्ष घोषित करते हुए कहा कि जब से उन्होंने राजनीति में कदम रखा है बसपा का साथ नहीं छोड़ा ऐसे ईमानदार लोगों को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है जिससे बहन जी के कंधों को मजबूत किया जा सके और आज जो महिलाएं,पुरुष व युवा लोग इकट्ठा हुए हैं बहन कुमारी मायावती की लंबी उम्र की दुआ करने के लिए यहां आए हैं अंत में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्रीपाल ठेकेदार ने लोगों को बहन कु० मायावती के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और हमें 2027 तक बहन कु० मायावती के हाथों को मजबूत कर छठी बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनना है जिससे गरीब,कमजोर,पिछड़ों व उपेक्षितयो लोगों के आत्म सम्मान के हक अधिकारों की आवाज को बुलंद किया।

इस मौके पर डसना अध्यक्ष पति मुजाहिद हुसैन,हापुड़ विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार, महेश टायर वाले, राजकुमार सागर, सतीश कश्यप,डॉक्टर सुनील सरकार, राकेश कुमार एंबुलेंस वाले, जॉनी जाटव, योगेंद्र धनोरा, कैलाश हल्द्वानी, कैलाश कुमार, दीपक बौद्ध, नितिन कुमार, केपी सिंह, प्रदीप जाटव, बाबूराम बेधड़क, जितेंद्र कुमार जाटव, विक्की कुमार, मनीष कुमार, राजेंद्र कश्यप, बी डी संगम आदि सैकड़ो की संख्या में बसपा समर्थक,महिलाएं व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेत प्रतियोगिता एवं टेबल वितरण प्रतियोगिता आयोजित

**कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला स्थिति महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कोलिज में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ और टेबलेट वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी सहित क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, ग्राम प्रधान जसाला शिवकुमार सिंह, ग्राम प्रधान भारसी संदीप कुमार सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। 100 मीटर दौड़ और 400 मीटर दौड़ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 100 मीटर दौड़ में गौरव कुमार ने प्रथम अतुल कुमार ने द्वितीय और तरंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जेवलिंग थ्रो में अनिरुद्ध त्यागी ने प्रथम विवेक कुमार ने द्वितीय और समीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# टाण्डा तहसील बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव हुआ सपन्न

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** टाण्डा तहसील बार एसोसिएशन के सिर्फ कोषाध्यक्ष पद हेतु संपन्न हुए चुनाव में प्रभु सिंह एडवोकेट ने 4 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। मतदान सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें 60 के सापेक्ष 58 वकीलों ने अपने मत का प्रयोग किया। उसके बाद मतगणना शुरू हुई ।साथी अधिवक्ताओं ने प्रभु सिंह को फूल मालाएं पहनाकर जीत की बधाई दी ।शेष पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र होने के कारण उन्हें चुनाव अधिकारी द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

चुनाव अधिकारी समर सिंह चौहान एडवोकेट और सहायक चुनाव अधिकारी प्रथी सिंह एडवोकेट ने बताया कि तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव हेतु बुधवार को कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रभु सिंह और सत्यवीर सिंह के मध्य चुनाव संपन्न कराया गया ।जिसमें प्रभु सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सत्यवीर सिंह को 4 मतों से हराया ।प्रभु सिंह को 31 वोट जबकि सत्यवीर सिंह को 27 मत प्राप्त हुए ।कुल 60 मतदाताओं में 58 ने अपने मत का प्रयोग किया ।दो अधिवक्ता प्रमोद कुमार और विजेंद्र सिंह आवश्यक कार्य से बाहर होने के कारण अपने मत का प्रयोग नहीं कर सके ।चुनाव अधिकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए कुंवर संजय सिंह, महासचिव पद के लिए मुबस्सर अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए जसपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए धर्मवीर सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए कादिर अली, सचिव प्रशासन के लिए तेजवीर सिंह और संयुक्त सचिव पद के लिए अनीस अहमद की ओर से एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था ।जिन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया ।निर्वाचित पदाधिकारी को वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार चौहान एडवोकेट, अनिल भारद्वाज श्योराज सिंह,अब्दुल माजिद आदि अधिवक्ताओं ने मिठाई खिलाई कर मुबारकबाद पेश की ।20 जनवरी को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह आयोजित होगा।

## आरएसएस ने ग्राम कमई बरसाना में मनाया मकर संक्रांति विशेष उत्सव



**मथुरा/बरसाना।** स्वयंसेवक संघ ने ग्राम कमई में लक्ष्मीनारायण मंदिर पर मंगलवार को मकर संक्रांति का विशेष उत्सव मनाया। जिसमें मुख्य वक्ता मथुरा विभाग बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र जी ने कहा की संघ में 6 उत्सव मनाए जाते है,जिसमे मकर संक्रांति का त्यौहार भी आता है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। उन्होंने कुंभ के बारे में बताया कि यह कुंभ महाकुंभ है जो कि 140 बर्ष आता है। संघ प्रार्थना के बाद सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हजारों स्वयंसेवकों और समाज के लोगों ने साथ बैठकर खिचड़ी का प्रसाद किया। कार्यक्रम में नंदगांव खंड संघचालक नरेंद्र जी, संघ के पूर्व स्वयंसेवक एवं नंदगांव खंड के पूर्व कार्यवाह गोपाल प्रसाद जी, नंदगांव खंड प्रचारक गोपाल जी, बरसाना नगर शारीरिक प्रमुख रजत जी, नंदगांव खंड के बौद्धिक प्रमुख रमाकांत जी , शाखा कार्यवाह मुकेश जी, बजरंग दल गोपाल जी, मंडल अध्यक्ष सूरजपाल जी, चंद्रपाल जी, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खिचड़ी वितरण का आयोजन किया



**झांसी।** अपना दल एस के तत्वाधान में मां रक्षा माई मंदिर रायकवार समाज मंदिर बरुआ सागर जिला झांसी में बैठक आयोजन मकर संक्रांति के पावन पर्व पर एवं खिचड़ी वितरण की गई जिसमें मुख्य अतिथि अपना दल एस के जिलाध्यक्ष दीपेंद्र पटेल व विशिष्ट अतिथि डॉ सुभाष रायकवार जिला महासचिव अपना दल एस झासी रायकवार समाज अध्यक्ष बरूआसागर देवेन्द्र रायकवार अध्यक्षता में संपन्न हुई रायकवार मछुआरा विभिन्न समस्याओं पर चिंतन मंथन किया एवं रायकवार समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

## मॉर्निंग वॉक पर गए व्यक्ति पर जानलेवा हमला



**कांधला।** कस्बे की सब्जी मंडी के निकट मॉर्निंग वॉक के लिए गए एक व्यक्ति पर कई लोगों ने जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया ।पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। बुधवार को नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी अजय ने बताया कि पीड़ित सुबह सवेरे नगर की बड़ी सब्जी मंडी के निकट टहलने के लिए गया हुआ था। तभी आरोप है कि कई लोग पहले से ही घात लगाए हुए बैठे थे, और पीछे से आकर कई लोगों ने पीड़ित पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल ने कई लोगों पर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाते हुए कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित को न्याय का आश्वासन दिया है।

## हाईवे पर रोडवेज बस पलटने का मैसेज हुआ प्रसारित

**कांधला।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर किसी व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर रोडवेज बस पलटने एवं दर्जनों लोगों के घायल होने का झूठा मैसेज प्रसारित कर दिया। हादसे का झूठा मैसेज तेजी के साथ सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगा वायरल मैसेज झूठा निकलने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। बुधवार सवेरे नगर एवं क्षेत्र पूरी तरह से कोहरे की चपेट में रहा। सुबह सवेरे सोशल मीडिया पर एक लिखित मैसेज वायरल हो गया। वायरल मैसेज में लिखा हुआ था कि कांधला क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण रोडवेज बस पलट गई जिसमें दर्जनों यात्री भी घायल हो गए।

# पुलिस को समर्पित कार्यक्रम एक शाम खाकी के नाम का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन एवं नाहर इंटरटेनमेंट के संयुक्त तत्वाधान में झांसी दुर्ग के समीप स्थित दीनदयाल सभागार में पुलिस को समर्पित कार्यक्रम ₹एक शाम खाकी के नाम₹ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीपेंद्र अड़जरिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के साथ डीवाईओ विशाल सिंह, एसआरजीआई के एमडी अभिनव राय, वीसी नीरज अत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बुंदेली रॉकस्टार कविता शर्मा, वरिष्ठ बुंदेली गायिका अनीता सक्सेना, बुंदेली ओज कवि पंकज पंडित, क्लासिकल डांसर नैना, मैजिशियन फारूक जादूगर, बॉलीवुड गायक परफॉर्मर कामिनी ठाकुर, बॉलीवुड गायक रवि शेखर, बॉलीवुड गायक भैरवी पाटिल, इंडियन आईडल फेम राहुल जोशी, वायलिन प्लेयर बिट्टू निलेश टिकरिया, बांसुरी वादक विक्रम कनेरिया, देव कनेरिया द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार प्रस्तुतिकरण हुआ जिसकी कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों ने करतल ध्वनि के साथ सराहना की। आगे के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी द्वारा समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम झाँसी पुलिस द्वारा कोरोना महामारी के समय किए गए सराहनीय कार्य एवं सामाजिक सुरक्षा के उपलक्ष्य में पुलिस को समर्पित था। इस आयोजन में पुलिस का सम्मान, प्रोत्साहन एवं मनोरंजन करने के साथ पुलिस में कार्यरत खिलाड़ियों एवं पुलिस परिवार की मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच एक मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना था। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा जिस तरह देश की सीमा पर सुरक्षा के लिए सेना कार्य करती है उसी तरह आंतरिक सुरक्षा का कार्य पुलिस का होता है। पुलिस शब्द एक समूह वाचक संज्ञा है इसीलिए कुछ एक लोगों के अनैतिक कार्यों के कारण सभी को बदनाम होना पड़ता है लेकिन वास्तव में आज भी हमारी पुलिस पूर्ण तत्परता एवं मनोयोग से कार्य करती है जिस कारण हम स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसमें हमारी प्रदेश सरकार का भी अहम योगदान है जिन्होंने हमारी पुलिस को बिना दबाव के कार्य करने की स्वीकृति दे रखी है। कार्यक्रम का संचालन बुंदेली कलाकार बेबी इमरान ने किया। इस कार्यक्रम के प्रोडक्शन पार्टनर ईएम एंटरटेनमेंट के विवेक गोस्वामी, डिजिटल एंड स्ट्रीमिंग पार्टनर वशिष्ठ राज करोसिया, ग्राफिक पार्टनर ए एण्ड एम से अमित व म्यूजिकल पार्टनर नीरज म्यूजिकल इवेंट्स रहे।

## नो हेलमेट नो पेट्रोल नियम संचालकों ने मांगी पुलिस सुरक्षा



वेलकम इंडिया

**झांसी।** आज दिनांक 15/1/25 को रानी झांसी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश पैट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर के नेतृत्व में वरिष्ट पुलिस अधीक्षक से जिलाधिकारी झांसी के नो हेल्मेट, नो फ्यूल के संबंध में भेंट कर डीलरों के सामने आ रही समस्याओं से अवगत करा कर पुलिस सहयोग की मांग की और उन्हें अवगत कराया कि सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने अपने पंपों पर दो पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहन कर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को तैयार हैं। परन्तु हेल्मेट नहीं होने की दशा में तेल देने से मना करने पर होने वाले संभावित झगड़ों से बचाने के लिए प्रशासन द्वारा समुचित सुरक्षा उन्हें उपलब्ध कराई जाए ।वार्ता में पुलिस अधीक्षक द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया प्रतिनिधि मंडल में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह, बलवान सिंह यादव प्रशांत गुप्ता, मनीष गुप्ता, अरुण गुप्ता, सुनील साहू, पुष्पराज सेंगर ,सौरभ मल्होत्रा उदय सिंह यादव,हर्ष वाधवा, श्री गंगा चिरगांव आदि लोग उपस्थित रहे।

# नारी का पति से बड़ा कोई आभूषण नहीं है: गोपालानंद जी महाराज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** प्राचीन शिव मंदिर रामपुर रोड सीबीगंज बरेली पर अयोध्या धाम से पधारे गोपालानंद महाराज ने चल रही रामकथा के छठे दिन रामकथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीराम, माता सीता से विवाह कर अयोध्या लौटे तो अयोध्या जी के लोगों में हर्षोल्लास का वातावरण उत्पन्न हो गया, इस पावन अवसर पर माता कैकई ने जो उनका कनक भवन सोने का महल था वह माता सीता को मुंह दिखाई में दिया एवं मां सुमित्रा ने हीरो का हार दिया और सबसे बड़ी रानी कौशल्या जी ने भगवान राम जी का हाथ मां सीता जी के हाथ में दे दिया। उन्होंने कहां कि मेरे जीवन में राम से बड़ा कोई धन नहीं है कथा व्यास ने आगे कहा कि इस बात से यह संदेश दिया गया कि जगत में नारी का पति से बड़ा कोई आभूषण नहीं है, उन्होंने कहा कि वर्तमान में अब जो विवाह की व्यवस्था चल रही है उसमें वर्ग की योग्यता के बजाय धन को देखकर विवाह हो रहे हैं कथा व्यास द्वारा छठे दिन की कथा में भगवान श्री राम के वन गमन और केवट संवाद का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया, इस रामकथा वाचन के समय कमेटी के अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा, कोषाध्यक्ष विवेक सक्सेना, सचिव अनिल चौधरी, उपाध्यक्ष रवि यादव, महिला मंडल की अध्यक्ष मुन्नी शर्मा, मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णु स्वरूप अवस्थी, प्रीति मिश्रा के साथ आशा आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव सुन्ना आजादपुर के प्राथमिक विद्यालय में समाजसेवी राकेश जैन व कृष्णा देवी ने विद्यालय के बच्चों को ठंड से बचाव के लिए जर्सी वितरित की ।इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

खंड विकास क्षेत्र के गांव सुन्ना आजादपुर के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को समाजसेवी राकेश जैन व समाज सेविका कृष्णा देवी के द्वारा ठंड से बचाव के लिए विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को जर्सी वितरित की गई। गांव के सम्मानित लोगों की उपस्थिति में विद्यालय के द्वारा समाजसेवी राकेश जैन व समाजसेविका कृष्णा देवी का माल्यार्पण किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए समाज सेविका कृष्णा देवी ने बच्चों को शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को बताया कि सपने देखना व उनको पूरा कैसे करना है, के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार मलिक व संचालन पविंदर कुमार चौधरी के द्वारा किया गया।

इस दौरान संदीप कुमार, मनोज, गोवर्धन, देशपाल, धनपाल, अजय, भोपाल, सुभाष व नरेश सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संकट मोचन सेना (पंजाब प्रान्त) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मनप्रीत कौर ने किया डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** मोतीझील क्षेत्र स्थित श्री घीसासंत महामण्डल आश्रम में सम्पन्न हुए अभिनंदन समारोह में प्रख्यात साहित्यकार, आध्यात्मविद व समाजसेवी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी,एडवोकेट का उनके द्वारा की गई आध्यामिक व साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मान किया गया।

उन्हें यह सम्मान पूज्य धर्म सम्राट स्वामी ज्ञान दास महाराज ( अयोध्या ) की प्रमुख शिष्या एवं संकट मोचन सेना ( पंजाब प्रान्त ) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) ने ठाकुरजी का चित्रपट, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका प्रसादी माला आदि भेंट कर दिया। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद, ब्रज भूमि कल्याण परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, श्रीराधा दामोदर मंदिर के सेवायत आचार्य करुण गोस्वामी, प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहरि सुरेशाचार्य महाराज, काशी विद्वत परिषद के कार्ष्णि नागेन्द्र महाराज, आचार्य मनोज शास्त्री, आचार्य अंशुल पाराशर, ज्योतिषाचार्य लक्ष्मी नारायण शर्मा आदि रहे।

# गरीब बेसहारा व विकलांगो को वितरित किए कम्बल

वेलकम इंडिया



**गरौठा(झाँसी)।** बार संघ कार्यालय मे सर्दी को देखते हुए गरीब विकलांग बेसहारो को अपर जिला एंव सत्र न्यायधीश व एसीजेएमजेएम की देखरेख मे उपजिलाधिकारी गरौठा अवनीश कुमार तिवारी व पूर्व विधायक बृजेन्द्र कुमार व्यास डमडम महाराज द्वारा गरीब बेसहारा विकलांग व विधवाओं को कम्बल वितरित कार्यक्रम से पहले बार संघ अध्यक्ष द्वारा अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश को माला पहनाकर सम्मानित किया व बार संघ महामंत्री ए.सी.जे.एम को माला पहनाकर सम्मानित किया व अधिवक्ता रेनू सिंह ने जे.एम साहिबा निदा सिद्धकी को माला पहनाकर सम्मानित किया ।पूर्व बार संघ अध्यक्ष गिरीश कुमार खरे ने उपजिलाधिकारी गरौठा को माला पहनाकर सम्मानित किया ।यह कार्यक्रम बार संघ के शपथ ग्रहण समारोह मे उपस्थित हुए पूर्व विधायक डमडम व्यास ने घोषणा की थी कि गरीबो को हम कम्बल वितरण करायगे इसी क्रम में सैकडो लोगो को कम्बल वितरण किये गये। इस मोके पर ओमप्रकाश खरे,विवेक कुमार त्रिपाठी,रमेश अग्रवाल, ए.पी वर्मा,पुरुषोत्तम पाण्डेय,रामचरन कुशवाहा,अवधेश प्रताप सिंह, अमित प्रताप सिंह,शत्रुधन सिंह गौर,अमित प्रताप सिंह, लखनलाल कुशवाहा,सोनू विश्वकर्मा, विपिन दुबे सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सलेमपुर रोड पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**कांधला।** नगर के सलेमपुर रोड पर मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। कस्बे के सलेमपुर रोड निवासी खुशहाल ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था आरोप है कि मोहल्ले के कई लोग पीड़ित से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते तीन लोगों ने पीड़ित पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से मुस्तकीम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़ित के मोहल्ले का ही खुशहाल वह उसके कई लोग पीड़ित सहित उसके परिवार से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते पीड़ित के घर के बाहर की लोगों ने मारपीट की जब उसका भाई वह भतीजा छुड़ाने के लिए आया तो उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की है ।२

# मोदी कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने यातायात नियमों की शपथ ली

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी जागरूकता कार्यक्रम सड़क सुरक्षा ओर यातायात माह के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा व सह जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश पांडे के निर्देशन में डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद के छात्रों और शिक्षकों ने यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा नियमों के अपनाने की शपथ ली और छात्रों ने यातायात और सड़क सुरक्षा के विभिन्न चिन्ह और नियमों के ऊपर एक पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में एक जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा यातायात माह के अंतर्गत प्रतिदिन प्रार्थना स्थल पर छात्रों और शिक्षकों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों को स्वयं अपने और दूसरों को जागरूक करने के लिए शपथ ली जा रही है व प्रार्थना स्थल पर छात्रों को प्रतिदिन जागरूक किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के स्वर्णिम 10 नियम छात्रों को बताए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि अनियंत्रित जेबा क्रॉसिंग पर पहले पैदल यात्रियों को सड़क पार करने दें यह उनका हक है।

चार पहिया वाहन में यात्रा के दौरान सीट बेल्ट का प्रयोग दुर्घटना के दौरान मौत की संभावना को 60% तक कम कर देता है। इसी प्रकार दुपहिया वाहन पर अपने सर की सलामती के लिए उच्च गुणवत्ता वाला हेलमेट सर की भारी चोटों की संभावना को 70% तक घटा देता है शराब पीकर किसी भी परिस्थिति में वाहन नहीं चलाना चाहिए। छात्रों द्वारा अपने पोस्टर स्लोगनों के द्वारा समाज को जागरूक करने का उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता एवं अभिभावकों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। सड़क पर वाहन चलाते समय एवं चलते समय यातायात के नियमों का अनुपालन हम सबको करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, टी पी सिंह, दिनेश कुमार, श्रीमती वर्षा रानी, प्रवीण जेनर, राजीव सिंह, राजीव जांगिड़, राजीव वर्मा, गौरव त्यागी आदि ने पोस्टर प्रतियोगिता में सक्रिय सहयोग किया शपथ में दोनों पालियों के सभी शिक्षक उपस्थित थे।



# सत्संग: चारों वेदों का सार है सत्यनारायण कथा: पं0 अशोक शास्त्री

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर।** श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्याय ढिंढाला (मेरठ) के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू पं0 अशोक शास्त्री ने चारों वेदों का सार सत्यनारायण की कथा को बताया और कहा कि ज्ञान, भक्ति के माध्यम से ही जीवात्मा सामाजिक बुराइयों से स्वयं को दूर रख सकता है।

श्री शास्त्री जी यहां फफराना रोड स्थित ब्रह्मपुरी कालोनी निवासी पं0 अक्षय शर्मा के आवास पर मकर संक्राति पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सत्संग के दौरान उपस्थित श्रद्धालु श्रोता समुदाय के समक्ष धर्म प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिना सनातन धर्म के भारत की कल्पना करना सर्वथा व्यर्थ है, क्योंकि भारत की आत्मा ही सनातन है। भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की प्राचीनतम व गौरवमयी संस्कृति है जो दो दिलों, परिवारों तथा समाज, देश व विश्व को जोड़ने का संदेश देती है। आज देश को एकता के सूत्र में बांधने की जरूरत है। युवाओं को चाहिए कि वे भारत की गौरवमयी संस्कृति व सभ्यता को अक्षुण बनाए रखने का प्रयास करते रहे। इस अवसर पर सर्वश्री देवेंद्र गर्ग, पंकज अग्रवाल, चंद्रवीर फफराना, दीपक दारूका, पराग जैन, प्रिंस कंसल, विशाल अग्रवाल, मधु शर्मा, दिशा कंसल सहित अन्य कई श्रोता मौजूद थे।

# श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ने लगाया भंडारा



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने 101 किलो चावल का भंडारा जीवन अस्पताल के निकट किया। जिसमें लगभग 2100 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के संरक्षक सीताराम मोदी, सुबोध कंसल, अध्यक्ष श्री रमेश गोयल, महामंत्री श्री पंकज गोयल, रवि बंसल, सतीश बंसल, शुभंकर गुप्ता, सतीश भड़ाना आदि ने प्रसाद का वितरण किया।

# श्री वैश्य कुटुम्ब व लायंस क्लब राइजिंग स्टार ने खिचड़ी प्रसाद वितरण का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** श्री वैश्य कुटुम्ब व लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार ने संयुक्त रूप से खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया। श्री वैश्य कुटुम्ब व लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार ने संयुक्त रूप से खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन गिन्नी देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बराबर में नवीन मोबाइल जोन के बाहर किया। श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति रजि. की संरक्षिका व शहर की प्रमुख समाजसेवी डा. पूनम गर्ग ने प्रसाद वितरण का शुभारम्भ किया. शहर नगर अध्यक्ष राधिका गुप्ता ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया व प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता ने डा. पूनम गर्ग को एक पौधा देकर सम्मानित किया। दोनों संस्थाओं की सहयोगी सखियों ने इस कार्यक्रम मे



बढ़चढ़कर हिस्सा लिया लगभग 1800 लोगों ने खिचड़ी प्रसाद व चाय प्रसाद लिया। प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता ने बताया कि यह नवनियुक्त शहर अध्यक्ष राधिका गुप्ता की अध्यक्षता मे हुआ प्रथम सेवा कार्य है उन्होंने राधिका गुप्ता जी पर विश्वास दिखाया कि भविष्य मे भी वे संगठन को जोडकर व एक जुटता दिखाकर चलेगी तथा पद का सम्मान रखेगी।

प्रदेश महिला वरिष्ठ प्रचार मंत्री शानु अग्रवाल, मण्डल महामंत्री एकता अग्रवाल ने नवीन मोबाइल प्रतिष्ठान के बन्धु नवीन गुप्ता जी का आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से ये कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला महामंत्री शालिनी गोयल, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूनम गर्ग व पूजा सिंघल, प्रदेश मीडिया प्रभारी रीतू अग्रवाल, नगर मंत्री रूबी गुप्ता व संगठन मंत्री कविता गोयल के साथ कुटुम्ब की सखियाँ रश्मि, शालू, सबिता, नीरू, शिवानी, बीना, प्रियंका, भावना, नूति, विभा, आशा, पूनम बंसल, शालिनी, रीता, नैना, ऊषा, रेखा, अर्चना, अंजलि, रेनु, एकता, दीपाली, सोनाक्षी, डा. रिचा, रूचि, चीनू आदि सखियाँ उपस्थित रही। नगर अध्यक्ष राधिका गुप्ता ने अपने कुटुम्ब की सभी सखियों का आभार व्यक्त किया तथा आशा जताई कि भविष्य में भी प्रदेश, मण्डल व जिला की पदाधिकारियों के साथ शहर की सखियाँ भी उनका साथ हमेशा निभायेगी।

# चारधाम यात्रा के नाम पर 1.90 करोड़ की ठगी



**वेलकम इंडिया**

**देहरादून।** नोएडा की मैक चार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को चारधाम यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर किराये पर देने का झांसा देकर 1.90 करोड़ रुपये ठगने का मामला सामने आया है।

कंपनी के मालिक शुभादीप साधू ने देहरादून की चंद्रलेखा एयरलाइंस के तीन डायरेक्टरों के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि चंद्रलेखा एयरलाइंस ने पैसे लौटाने के लिए दिए गए चेक भी बाउंस कर दिए और उनके सभी दस्तावेज भी झूठे पाए गए। शुभादीप साधू ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी चार्टर्ड हेलिकॉप्टर उड़ाने और सहायक परिवहन सेवाएं प्रदान करती है। उन्हें चारधाम यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर किराए पर लेने थे, जिसके लिए चंद्रलेखा एयरलाइंस के डायरेक्टर अभय कुमार, धीरेंद्र कुमार और चंद्रलेखा सिंह से संपर्क हुआ। इन तीनों ने दावा किया था कि उनके पास हेलिकॉप्टर किराये पर देने का पूरा अधिकार है और उन्होंने आठ एविएशन कंपनियां अधिगृहीत की हैं। चंद्रलेखा एयरलाइंस ने मैक चार्टर्स को छह हेलिकॉप्टर देने का वादा किया था, जिसमें अगस्ता वेस्टलैंड जैसे विमान भी शामिल थे। अनुबंध के अनुसार, मैक चार्टर्स ने 1.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया था और हेलिकॉप्टर 15 मई 2024 से 30 जून 2024 और 15 सितंबर से 28 अक्टूबर 2024 के बीच दिए जाने थे।

# तहसील मोदीनगर के पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जाए: अरुण वर्मा

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** प्रेस क्लब मोदीनगर के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद को एक पत्र लिखकर तहसील मोदीनगर के पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया है।

प्रेस क्लब मोदीनगर के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद को लिखे पत्र में कहा है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य सेवा योजना आयुष्मान कार्ड मध्यम परिवार के लिए एक रामबाण योजना है। इससे भारत के लाखों की संख्या में मध्यम वर्गीय परिवार लाभान्वित हो रहे है। इसके लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है। इसी क्रम में आपको अवगत कराना है कि जनपद गाजियाबाद स्थित मोदीनगर तहसील क्षेत्र के पत्रकार विभिन्न समाचार पत्रों व टीवी चैनलों के माध्यम से अल्प वेतन में अपनी सेवाएं प्रदान करते चले आ रहे हैं। जिससे मध्यम श्रेणी में ही अपना व परिवार का भरण पोषण करते है। ऐसी दशा में उनके व परिवार के स्वास्थ्य के मद्देनजर आयुष्मान कार्ड बनवाएं जाना जनहित में अति आवश्यक है। उन्होंने पत्र में अनुरोध किया है कि मोदीनगर तहसील क्षेत्र में पत्रकारों के हितार्थ एक दिवसीय आष्युमात कार्ड सेवा शिविर संचालित करायें जाने की संस्तुति किये जाने की करें। तथा उक्त आयुष्मान कार्ड सेवा शिविर के लिये समय, तिथि का विवरण भी प्रेषित करने की कृपा करें ताकि स्थान की व्यवस्था प्रेस क्लब मोदीनगर द्वारा सुनिश्चित की जा सकें।

# निकाय चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र विकास की गारंटी: सीएम धामी



**वेलकम इंडिया**

**देहरादून।** भाजपा कार्यालय, देहरादून में नगर निकाय चुनाव के लिए पार्टी के संकल्प पत्र का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने पार्टी के विकासात्मक दृष्टिकोण और आगामी पांच वर्षों के लिए निर्धारित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह संकल्प पत्र न केवल शहरी विकास के प्रति ट्रिपल इंजन सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, बल्कि आने वाले पांच वर्षों के लिए भारतीय जनता पार्टी की एक ठोस और भरोसेमंद गारंटी भी है। यह संकल्प पत्र हमारे नेतृत्व और हमारी निष्ठा का प्रमाण है, जो जनता के समग्र विकास और समृद्धि की दिशा में उठाए गए प्रत्येक कदम को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पत्र में जिन महत्वपूर्ण और दूरगामी विषयों को शामिल किया गया है, वे निश्चित रूप से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश और देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को सुधारने में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण, आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है और उन्हें जीवन की उच्चतम गुणवत्ता प्रदान करना है। आगामी नगर निकाय चुनावों में भाजपा के नेतृत्व में शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, श्री सुबोध उनियाल, श्री गणेश जोशी, विधायक श्रीमती सविता कपूर, श्री बृजभूषण गैरोला, श्री सहदेव पुंडीर, आदित्य कोठारी, कुंवर प्रणव चैंपियन, मीरा, कुलदीप कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड राजभवन में भूतपूर्व सैनिक कल्याण दिवस मनाया गया



**वेलकम इंडिया**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस (वेटरन्स डे) के अवसर पर राजभवन में सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ₹एक शाम सैनिकों के नाम₹ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वीरता पदक विजेताओं और सराहनीय कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अर्द्धसैनिक बल के जवानों और अधिकारियों को राज्यपाल प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कुमांऊ स्कॉउट्स, 4वीं बटालियन असम रेजिमेंट और 14वीं राजपूताना राइफल्स को भी उनके सराहनीय योगदान के लिए यूनिट प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों का अनुभव और उनकी नेतृत्व क्षमता राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति उनका जीवन अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे अपने अनुभवों से समाज और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करें। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में वे अपना योगदान दें।

राज्यपाल ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक उद्यमिता और स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे आएं और समाज और राष्ट्र को प्रेरित करने का काम करें। राज्यपाल ने कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेना है कि हम अपने वीर शहीदों के परिजनों की देखभाल और उनकी हर परिस्थिति में सहयोग करते हुए उनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं, ( ईसीएचएस लाभ और अन्य आवश्यक सुविधाओं का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड वीरों की भूमि है, जिसे 'देवभूमि' के साथ-साथ 'वीरभूमि' भी कहा जाता है। यहां अनेक वीर सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। आज का यह कार्यक्रम हमारे उन वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। यह हमारे सैनिकों और उनके परिवारों को संदेश देता है कि उनका बलिदान न केवल हमारे लिए अमूल्य है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

# मोटी तनख्वाह लेकर सो रहा उत्तराखंड मदरसा बोर्ड

**वेलकम इंडिया**

**देहरादून।** मदरसा जांच जागो मोहन प्यारे नींद तजो कुछ काम करो सरकार का मत नाम बदनाम करो ... जी हाँ हम बात उत्तराखंड मदरसा बोर्ड और मोटी तनख्वाह गाडी अर्दली और भौकाल जमाकर तमाम सुख सुविधा लेने वाले उन ज़िम्मेदारों की कर रहे हैं जिनकी नींद अब भी नहीं खुल रही है और पुलिस ने दस बीस पचास नहीं बल्कि दो सौ से ज्यादा अवैध मदरसों की कुंडली खोल दी है। हैरानी की बात है कि मदरसों के तलबा को आईएएस आईपीएस बनाने का सब्जबाग दिखाकर बयानों से ज़िम्मेदारियों की इतिश्री कर हाँथ झाड़ने वाले बोर्ड के ज़िम्मेदारों को खुद मुख्यमंत्री धामी की सख्ती और आदेश की कोई परवाह जैसे है ही नहीं तभी तो अवैध मदरसों पर न कोई विभागीय एक्शन न कोई बयान आ रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े जिले और सबसे ज्यादा अवैध मदरसे जी हाँ ये खबर आ रही है कि तीन जिलों में ही सबसे ज्यादा अवैध मदरसे चल रहे हैं जिसकी पूरी कुंण्डली अब पुलिस टीम के पास आ गयी है।

उत्तराखंड में अवैध तरीके से चलाए जा रहे मदरसों पर धामी सरकार ने शिकंजा कसा है. प्रशासन की ओर से इन पर एक्शन लिया गया है. पुलिस टीम ने 30-40 नहीं बल्कि 200 से भी ज्यादा अवैध तरीके से चलाए जा रहे मदरसों का पदार्फाश किया है. सरकार की ओर से हाल ही में निर्देश दिए गए थे कि राज्य में चल रहे अवैध मदरसों की पहचान की जाए. उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में उत्तराखंड के हर उस मदरसे की जांच करने के लिए कहा था, जो अवैध तरीके से चलाया जा रहा है. ऐसे में जिला प्रशासन और पुलिस टीम ने उन मदरसों के खिलाफ एक्शन लिया और अवैध मदरसों की पहचान की. साथ ही अवैध चल रहे मदरसों को कहां से फंडिंग मिलती है. इसकी भी जांच की जा रही है।



# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में बुधवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आहूत हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय और मण्डल समन्वयक, मेरठ मण्डल, मेरठ गरिमा सिंह द्वारा बैठक का संचालन किया गया। जिसमें पीपीटी के माध्यम से विगत माह के जिला पोषण समिति की बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में अनुपालन से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान पोषण ट्रैकर एप पर वजन/लम्बाई एवं ऊचाई फिंडीग की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि बाल विकास परियोजना शहर, गाजियाबाद फिडिंग सबसे कम 96.37 प्रतिशत शहर गाजियाबाद के द्वारा की गई। जिसके लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए गए कि ससमय फिंडिग का कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएं। पोषाहार वितरण के सम्बन्ध में बताया कि तृतीय त्रैमास का पोषाहार प्राप्त नहीं हुआ है जिस कारण वितरण नहीं किया जा सका है। सैम बच्चों के प्रबंधन की समीक्षा में पाया गया कि पोषण ट्रैकर एप पर आंगनबाडी कार्यकत्री के द्वारा कुल 537 सैम बच्चों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें से एएनएम व सीएचओ के द्वारा स्क्रीनिगं में कुल 15 बच्चो को ही सैम चिन्हित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियो तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियो का सम्न्वय स्थापित कर सैम बच्चो की सूची प्रतिमाह तैयार कर बच्चो को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करे। हॉट कुक्ड फूड योजना की समीक्षा में पाया गया कि कुछ आंगनबाडी केन्द्रो पर गर्म खाना विररित नहीं किया जा रहा है।

## वसुंधरा में ही बनेगा एम्स का सेटेलाइट सेंटर

**गाजियाबाद।** विधानसभा उप-चुनाव से पहले घंटाघर में आयोजित शिलान्यास लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल गाजियाबाद में एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाए जाने की घोषणा की थी बल्कि शिलान्यास भी किया था। आवास एवं विकास परिषद से सेंटर के लिए जमीन उपलब्ध कराने को कहा गया था। सीएम की घोषणा के बाद गाजियाबाद पहुंचे एम्स के अधिकारियों को आवास एवं विकास परिषद ने तीन साइट दिखाई थीं। वसुंधरा, सिद्धार्थ विहार और मंडोला। तीनों में से एम्स के अधिकारियों ने वसुंधरा में ही रूचि दिखाई है, बाकी दोनों साइट रिजेक्ट कर दीं।

आवास एवं विकास परिषद के अधीक्षण अभियंता एके मित्तल ने इस बात की पुष्टि की है। अक्षीक्षण अभियंता एके मित्तल ने बताया कि एम्स के अधिकारियों को वसुंधरा, सिद्धार्थ विहार और मंडोला आवासीय योजना में जमीन दिखाई गई थी। तीनों साइटों को देखने के बाद एम्स के अधिकारियों ने वसुंधरा में सेटेलाइट सेंटर खोलने में रूचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि तीनों साइट दिल्ली के पास ही हैं।

# पीएमएवाई में फ्लैट पाने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्कीम निकाली हुई है। इसके लिए जीडीए की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा मिल रही है। मात्र पांच हजार रुपये में आवेदन किया जा सकता है।

योजना के तहत करीब साढ़े चार लाख का फ्लैट में मिलेगा। इसमें डेढ़ लाख केंद्र सरकार और एक लाख रुपये प्रदेश सरकार वहन करेगी। बाकी बचे करीब दो लाख रुपये आवंटी को वहन करने होंगे। आवंटी को अपने हिस्से का भुगतान करने के लिए छह तिमाही किश्तों की सुविधा भी मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के तहत मिलने वाले फ्लैट का एरिया करीब 25 वर्गमीटर होगा। फ्लैट में एक बेडरूम, ड्राईंगरूम, किचन बाथरूम और टॉयलेट होगा। फिलहाल जीडीए ने तीन साइटों के लिए आवेदन मांगे हैं। यह साइट पसौंडा, राजनगर एक्सटेंशन और डासना की हैं। पसौंडा और डासना में क्रमशः 251 और 312 फ्लैटों का निर्माण आराध्यम बिल्डर्स ने किया है जबकि राजनगर एक्सटेंशन में प्रधानमंत्री आवास योजना के 145 फ्लैट रॉकफोर्ड डेवलपर्स के द्वारा विकसित किए जा रहे हैं। जीडीए ने इन फ्लैटों के एक से 31 जनवरी तक आवेदन मांगे हैं। आवेदन से पहले साइट पर उपलब्ध ब्रोसर को ध्यान से पढा न भूलें। ब्रोसर में अनुमानित कीमत से लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के अंशदान के साथ ही पात्रता की सभी शर्तें भी दी गई हैं। आवेदक गाजियाबाद का निवासी होना आवश्यक है। इसके अलावा आवेदन की वार्षिक आय तीन लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जीडीए विभिन्न योजनाओं के 3496 फ्लैटों का निर्माण करा रहा है। जीडीए की प्रताप विहार योजना में 1200, मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में 856, डासना में 432, नूरनगर में 480 और मोदीनगर निवाड़ी में 528 मकानों का

## नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी (एमबी गर्ल्स) में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने रोबोट, क्रेन और सेंसर युक्त डस्टबिन समेत विभिन्न रोबोटिक मॉडल बनाकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर नगर आयुक्त ने जिले की पहली स्वच्छता लैब और निगम स्कूलों में ओपन जिम का भी उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक एवं अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने संयुक्त रुप से किया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार मॉडल प्रस्तुत कर अपनी इंजीनियरिंग क्षमता का परिचय दिया। स्वच्छ भारत के अंतर्गत छात्राओं ने सेंसर युक्त डस्टबिन का मॉडल, घरों एवं फैक्ट्री में धुएं के सेंसर का प्रयोग, रेनवॉटर सेंसर मॉडल, वेंडिंग मशीन इंक फ्रॉम कार्बन और एमिशन आदि मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। रैक एंड पिनियन लिफ्ट रोबोट, मूविंग रोबोट और क्रेन मॉडल प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने छात्राओं की रचनात्मकता से प्रभावित होकर पांच सर्वश्रेष्ठ मॉडल को पुरस्कृत करने का वादा किया। प्रधानाचार्या डॉ. अंतिमा चौधरी ने बताया कि अंक संस्था के प्रोजेक्ट कल्पना के तहत स्कूल में स्टैम लैब का संचालन हो रहा है। इसी लैब में छात्राओं ने यह सभी मॉडल बनाए।

# स्थलीय निरीक्षण के बाद समय से गुणवत्ता पूर्ण करें शिकायतों का निस्तारणः डीएम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस की भांति प्रात 10 बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक बुधवार को जनसुनवाई की गई। बताते चलें कि जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समय अंतराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होता है, जिसके चलते जिलाधिकारी को अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने के लिए भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गंभीरता से पढ़ा और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से संबंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। इस मौके पर रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य गणमान्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारीयो पंडित अशोक भारतीय, रितेश शर्मा, सौरभ यादव, आशु पंडित आदि पदाधिकारीयो ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के संगठन मंत्री समाजसेवी भाजपा नेता वीरेंद्र कंडेरे को उनके 57वे जन्म दिवस पर बधाई दी व शुभकामनाये दी गमला भेंट कर के , केक कटवाकर पटका पहनाकर,माला पहनकर बधाई थी तथा अपना आशीर्वाद दिया।

## देरी से बन रहे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र

गाजियाबाद। प्रशासन की रिपोर्ट देरी से लगने के कारण जन्म और मृत्यु प्रमाण देरी से बन रहे हैं। बुधवार को कुछ लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और रिपोर्ट लगवाने की मांग की। जन्म और मृत्यु प्रमाण निगम के जोनल कार्यालय से बनाए जा रहे हैं। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिन तय निर्धारित हैं। इसके बाद जो प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं उसके लिए एसडीएम की रिपोर्ट लगवाई जाती है। लेकिन एसडीएम दफ्तर से रिपोर्ट लगने में समय लग रहा है। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नेहरूनगर निवासी राम कुमार शर्मा ने बताया दस दिन पहले आवेदन किया था, लेकिन रिपोर्ट नहीं लगी है। आरकेपुरम निवासी कपिल कुमार का कहना है कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाना है। दो सप्ताह पहले आवेदन किया था। रिपोर्ट नहीं लग सकी है।

# ज्योतिष आचार्य धर्मगुरु डॉ.एच.एस. रावत एवं डॉ. राजेश ओझा ने किया

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी का ऐप लॉन्च हुआ। एस्ट्रो हेल्प मी प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी डाउनलोड कर सकता है और ज्वाइन हो सकता है। देश के विश्व विख्यात ज्योतिष आचार्य बताएंगे आपकी हर समस्या का समाधान 1 मिनट में ही। मंगलवार को इसका उद्घाटन विश्व के नंबर वन ज्योतिष आचार्य धर्मगुरु डॉ.एच.एस.रावत, आचार्य डॉ. राजेश ओझा सनातन धर्म के लिए जाने-माने चेहरे हैं और गांव रक्षा सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। विश्व के युवा मोटिवेशन और ज्योतिष आचार्य मानवेंद्र रावत, इंटरनेशनल ज्योतिष आचार्य रेमेडी स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रणव कुमार शास्त्री और धर्मगुरु ज्योतिष आचार्य, डॉ. अलका शर्मा, डॉ. अनिल मित्र, डॉ. शेफाली, आचार्य डीके जैन, आचार्य राजेश शर्मा, प्रवीण सोनी, डॉ. ललित जोशी, दीप्ति सलवान, एस्ट्रो सोमिका सिंह, पंडित बृजभूषण शर्मा, आचार्य कश्यप, आचार्य मनोज वर्मा, आचार्य मनोज शर्मा, आचार्य भारत भूषण, आचार्य रविंद्र भारद्वाज, आचार्य अनीता कपूर, आचार्य शिवकुमार पांडे, आचार्य प्रभात मिश्रा, आचार्य राजीव रंजन, आचार्य प्रियंका बोरा, आचार्य नेहा सिंह, आचार्य राजीव दुबे, एस्ट्रो राम अवतार, एस्ट्रो राजन सोनी, एस्ट्रो अनीता सिंह, आचार्य परिमल गौड़, सचिन चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, मधु शर्मा, प्रीती अरोरा, देवेंद्र राजा, निहाल सिंह राठी और सैकड़ो ज्योतिष आचार्य उपस्थित रहे। आज विश्व के नंबर वन ज्योतिष आचार्य डॉ. एच.एस. रावत द्वारा इस टेस्ट तो हेल्प मी अप की शुरूआत की गई है।

## भाजपा पार्षद व उसके साथियों पर करोड़ों के प्लॉट कब्जाने का आरोप

**गाजियाबाद।** संजय नगर हापुड़ निवासी कारोबारी वीके सिंघल की तहरीर के आधार पर साहिबाबाद थाना पुलिस ने भाजपा पार्षद सुधीर कुमार, पुरूषोत्तम उर्फ पुनित निवासीगण राजीव कॉलोनी, शिव प्रताप सिंह निवासी राधेश्याम पार्क राजेंद्रनगर व अमित राघव समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अपराधिक धारा 420, 147, 467, 468, 471, 447, 448, 323, 504 व 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हापुड़ निवासी वीके सिंघल ने तहरीर देते हुए पुलिस को बताया था कि उसने व उसके दो साथियों हरिओम सिंघल व सोहनलाल आदि ने सन 1998 में बीईन सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड में प्लॉट संख्या 111, 112 व 113 खरीदे थे। उसी समय उन्होंने अपने प्लॉटसद्द पर निर्माण कार्य करवाकर व उनकी बाउंड्री वॉल बनवाकर कब्जा भी ले लिया था। लेकिन कुछ समय पहले उन्हें सूचना मिली की कुछ भूमाफिया उनके तीनों प्लॉटसद्द के फर्जी दस्तावेज बनवाकर उनपर काबिज होने का यत्न कर रहे हैं।

## अवैध कालोनियों के खिलाफ जीडीए की कार्रवाई जारी, दुहाई में तोड़ी अवैध कालोनी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में अवैध रूप से बसाई जा रही अवैध कालोनियों के विरुद्ध गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की कार्रवाई के बाद भी कालोनाइजरों में डर दिखाई नहीं दे रहा है। बुधवार को जीडीए का बुलडोजर दुहाई पहुंचा और अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी के लिए बनाई गई सड़क, बाउंड्रीवॉल और विद्युत पोल जमींदोज कर दिए। इस दौरान निजी डेवलपर्स ने प्रवर्तन दस्ते का भारी विरोध किया, लेकिन दस्ते के साथ पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारते हुए सबको खदेड़ दिया। जीडीए के बुलडोजर ने अभियान को अंजाम देने के बाद ही दम लिया है। प्रवर्तन जोन- तीन में जीडीए के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को दुहाई गांव के रकबे में खसरा संख्या-468 पर संजय चौधरी, अजय कुमार एवं और संजीव चौधरी द्वारा अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चला दिया। दस्ते ने कालोनी में काटे गए भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल आदि को ध्वस्त कर दिया। दस्ते ने मौके पर मुनादी कराई कि अवैध कालोनी में कोई भी प्लॉट न खरीदे। यह प्लॉट अवैध रूप से विकसित किए गए हैं, कोई भी यदि इन भूखंडों पर निर्माण करेगा तो जीडीए के द्वारा ध्वस्त कर दिया जाएगा।

# हम जमीन पर युद्ध जीते है पर मेज पर हारे हैंः कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बुधवार को महानगर के मॉडल टाउन ईस्ट स्थित राष्ट्रीय सैनिक संस्थान के मुख्यालय में 76वां आर्मी डे मनाया गया। 1949 में आज ही के दिन जनरल करियप्पा ने ब्रिटिश जनरल बुचर से कमांडर इन चीफ का पद संभाला था। इस अवसर पर कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री को देश चलाने का अनुभव नहीं था। लेकिन उन्होने भारतीय जनरल को नियुक्त न करने के लिए तर्क दिया कि उनके पास अनुभव नही है। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान के साथ कश्मीर के ऊपर जो पहला युद्ध लड़ा गया उसमे अंग्रेजो का जनरल लोकहार्ट भारत में सेनापति था और अंग्रेजो का दूसरा जनरल डगलस पाकिस्तान का सेनापति था। जनरल लोकहार्ट का झुकाव पाकिस्तान की तरफ था। तमाम सबूत मिलते है कि भारत में तैनात जनरल लोकहार्ट को कबाइली के भेष में पाकिस्तान के फौजियो के भारत मे घुसने की सम्पूर्ण जानकारी थी जो सरदार पटेल से छिपाई गई। अक्टूबर 1948 में तत्कालीन प्रधानमंत्री माउंट बेटन के ब्रिटेन में विश्राम स्थल कैंपशायर मे 4 दिन आराम करने के लिए गए। माउंट बेटन इंग्लैंड के अन्य कामों में व्यस्त होने के कारण बाहर चले गए और भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री के साथ अपनी पत्नी ऐडविना को छोड़ दिया जिन्होने उनपर युद्ध विराम करने का दबाव बनाया। इसकी गवाही मेजर जनरल गुलवन्त सिंह ने दी थी। मेजर जनरल गुलवन्त सिंह को आगे बढ़ने के लिए मना कर दिया गया था। यानि जमीन पर फौज गिलगिट बाल्टिस्तान को वापस लेने के लिए तैयार भी थी और सक्षम भी थी लेकिन युद्ध विराम कर दिया गया और हम मेज पर युद्ध हार गए। 1962 मे बिना तैयारी , बिना साजो सामान, बिना पर्सनल किट, फौज को हाई ऐल्टीट्यूड पर चाइना से लड़ने के लिए भेज दिया गया।

